हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, सोमवार, 7 अक्टूबर, 2024




## नवरात्रि विशेष




### पंचमीः स्कंदमाता

देवी मां का पांचवा स्वरूप स्कंदमाता का है। स्कंदमाता को ही महेश्वरी, गौरी और पार्वती कहते हैं। भगवान स्कंदजी बालरूप में इन्हीं के गोद में विराजते हैं। सौभाग्य की देवी स्कंदमाता असुरों का दमन करने वाली और परम वैभवशाली है। सूर्यमंडल की अधिष्ठात्री देवी होने के कारण इनका उपासक अलौकिक तेज और कांति से संपन्न हो जाता है। कथा है कि एक बार असुर तारकासुर ने घोर तपस्या करके ब्रह्माजी से अक्षत जीवन का वर ले लिया था। बह्माजी ने वरदान तो दे दिया, पर कहा कि आना-जाना तो इस सृष्टि का नियम है। इससे कोई नहीं बच सकता। इस पर धूर्त तारकासुर ने वर मांगा कि उनकी मौत हो तो सिर्फ शिवजी के पुत्र के हाथों। बह्माजी ने भी तथास्तु कह दिया। अब तारकासुर निरंकुश हो गया। उसने सोचा न तो शिव कभी विवाह करेंगे और उसकी मौत होगी। तारकासुर ने ऐसा उत्पात मचाया कि सारा संसार त्राहि-त्राहि कर उठा। देवगण शिवजी की शरण में पहुंचे और सार व्यथा-कथा कह सुनाई। उनके काफी अनुनय-विनय सदाशिव ने साकार रूप धारण कर पार्वतीजी से विवाह रचाया। कालांतर में शिव-पार्वती कार्तिकेय या स्कंदकुमार ने तारकासुर को यमलोक पहुंचाया। स्कंदमाता के स्वरूप के साथ ही माता और पुत्र संबंध की नींव पड़ी। पांचवे नवरात्र को इन्हीं स्कंदमाता की पूजा होती है। शास्त्रों में पांचवे नवरात्रि को पुष्कल का महत्व बताया गया है। स्कंदमाता की चार भुजाएं हैं। इनका वर्ण शुभ्र है। स्कंदमाता की आराधना के समय साधक मन विशुद्ध चक्र में अवस्थित रहता है। स्कंदमाता की पूजा करने वाले भक्तों का मन सांसारिक मोहमाया की आरधना का मंत्र है-

नित्यं पद्माश्रितकरद्वया।
शुभ्रदास्तु सदा देवी स्कंदमाता यशस्विनी।।

### बम्लेश्वरी मंदिर में दम घुटने से एक महिला की मौत, कई बेहोश

# दो लाख श्रद्धालुओं के पहुंचने से मची अफरा तफरी, एनएच भी घंटों जाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

नवरात्र के अवसर पर हर साल मां बम्लेश्वरी के मंदिर में लाखो की संख्या में श्रद्धालु पहुंचते है। इस बार भी मंदिर ट्रस्ट एवं प्रशासन ने रोजाना एक से डेढ़ लाख लोगो के आने की उम्मीद को देखते हुए व्यवस्था बनाई थी लेकिन शनिवार को अचानक दो लाख से अधिक लोग दर्शन के लिए पहुंच गए। कुछ घंटो के भीतर इतनी बड़ी संख्या में पहुंची श्रद्धालुओ की भीड़ को कंट्रोल करना सभी के लिए चुनौतीपूर्ण काम हो गया। यहीं कारण रहा कि शनिवार को भी भीड़ बढ़ने से ही भगदड़ की स्थिति निर्मित हुई।

इस भगदड़ में एक महिला की दम घुटने से मौत हो गई है। इसके अलावा आधा दर्जन लोग बेहोश भी हुए, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। बताया गया कि शनिवार की रात करीबन दो लाख लोग डोंगरगढ़ पहुंचे थे। मिली जानकारी के अनुसार धमतरी जिले में रहने वाली 35 वर्षीय महिला सोनिया साहू अपने परिवार के साथ दर्शन करने के लिए शनिवार रात को बम्लेश्वरी मंदिर पहुंची हुई थी। शनिवार देर रात करीब दो से ढाई बजे के बीच उपर मंदिर के ठीक नीचे स्थित ट्रस्ट के पुराने कार्यालय के समीप लगे बेरिकेट के पास भीड़ बढ़ने के कारण दर्शनार्थियों को क्षीरपानी मार्ग से दर्शन के लिए सीढ़ियों से छोड़ा जा रहा था। इसी दौरान देर रात उपर मंदिर कार्यालय के आसपास बेरिकेट को खोले जाने के वक्त अचानक भगदड़ मच गई। जिसमें धमतरी की सोनल साहू 32 साल की भीड़ में दबने के कारण पसली टूट गई और दम घुटने से मौके पर उसकी मौत हो गई। उक्त घटना में उसकी 8 साल की बच्ची रितेश्वरी साहू को भी चोंट आई है। मृतक का पोस्टमार्टम करने के बाद शव को उसके पति मदन साहू के सुपुर्द कर दिया।



### दम घुटने से दर्जनों परेशान

बताया जा रहा है कि इसके अलावा भी मंदिर क्षीरपानी घटनास्थल के पास लगे स्वास्थ्य कैम्प में अनेक लोगों का इलाज कराया गया। मामूली रूप से चोंटग्रस्त लोगों को मौके के अलावा अस्पताल से प्राथमिक उपचार कर छुट्टी भी दे दी गई। सर्वाधिक रूप से भूखे-प्यासे लाइन में लगे लोगों के बीपी लो व कमजोरी के कारण चक्कर आना भी बताया जा रहा है, जिन्हें भी प्राथमिक उपचार के बाद छोड़ दिया गया।

### पंचमी तक रहेगी भक्तों की भीड़

दिनभर चिलचिलाती धूप के बीच उमड़ रहा आस्था का सैलाब और मां बम्लेश्वरी के दर्शनार्थियों की भीड़ ने ड्यूटी में तैनात सुरक्षा कर्मियों के पसीने छुड़ा दिए। पंचमी के पूर्व चतुर्थी को शनिवार को देर रात अचानक बढ़ी भीड़ ने फिर एक बार मां बम्लेश्वरी की आस्था को लेकर लोगों के बढ़ते विश्वास से जोड़ा है। बताया जा रहा है कि शनिवार की शाम से रविवार की सुबह 10 बजे तक उपर मंदिर एवं नीचे मंदिर में ढाई लाख दर्शनार्थियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर माताजी का आशीर्वाद लिया। माना जा रहा है कि आज रविवार पंचमी के रोज भी शाम से देर रात लगभग डेढ़ लाख दर्शनार्थी माता के दरबार पहुंचेंगे।



### एक को बिच्छु ने काटा

इस घटना को लेकर मुख्यालय अस्पताल की प्रभारी डॉ. बीपी एक्का ने बताया कि धमतरी की महिला की मौत के अलावा किसी व्यक्ति को गंभीर रूप से चोंट नहीं आई है। दर्शन के दौरान रायपुर से आए प्रकाश दुबे को बिच्छु काटने के बाद शासकीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। जिसका ईलाज जारी है और वह खतरे से बाहर है।

### कलेक्टर ने की अपील

कलेक्टर संजय अग्रवाल ने श्रद्धालुओं एवं भक्तजनों से आग्रह किया है कि उपवास, पैदल चलने एवं भीड़ के कारण घबराहट और बेचैनी हो सकती है। श्रद्धालु दर्शन के लिए जल्दबाजी नहीं करें, जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन का सहयोग करें, बुजुर्ग, बच्चों, माताओं एवं दिव्यांगजनों को दिक्कत हो सकती है, उनका ध्यान रखते सभी अपनी बारी आने पर दर्शन करें। भीड़ की अधिकता को देखते उन्होंने श्रद्धालुओं से यह अपील की है कि भीड़ में बुजुर्ग, बच्चों, माताओं एवं दिव्यांगजनों को पहले जाने का अवसर दें और भीड़ अधिक होने के कारण व्यवस्था बनाए रखने में सभी सहयोग करें।

# पंचमी पर भी संशय! दो दिन होगा विशेष श्रृंगार

### जस गीतों से हो रही मां की सेवा



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

क्वांर नवरात्रि पर्व पर श्रद्धाभक्ति की बयार है। मंदिर सहित पूजा पंडालों में देवी मां की विधि-विधान से पूजा-अर्चना के साथ ही जस गीतों से माता की सेवा की जा रही है। धार्मिक कार्यक्रमों के अलावा सांस्कृतिक आयोजनों की भी धूम है। पंचमी पर मंदिर सहित पूजा पंडालों में माता का विशेष श्रृंगार किए जाने की तैयारियां है। सुबह से देर शाम तक भक्तों का मंदिरों एवं पूजा पंडालों में बड़ी संख्या में उपस्थिति बन रही है।

शक्ति की देवी मां दुर्गा की उपासना का पर्व क्वांर नवरात्रि पर अंचल में श्रद्धा भक्ति का माहौल है। इस अवसर पर देवी मंदिरों में आस्था के जोत कलश प्रज्जवलित किए गए हैं। वहीं कुछ पूजा पंडालों में भी जोत जंवारा स्थापित की गई है, जहां विधि-विधान से भक्तों द्वारा पूजा-अर्चना की जा रही है।

**धार्मिक आयोजनों की श्रृंखला**

ज्ञात हो कि क्वांर नवरात्रि पर्व पर जिले के प्रसिद्ध मंदिर मां बम्लेश्वरी डोंगरगढ़ सहित शहर के मां शीतला मंदिर, कालीमाई मंदिर, दुर्गा मंदिर, पाताल भैरवी मंदिर, भानेश्वरी मंदिर सहित अन्य मंदिरों में ज्योत जंवारा स्थापित की गई है। वहीं जिले के ग्रामीण इलाकों से लेकर शहर के विभिन्न स्थानों पर देवी मां की प्रतिमा स्थापित कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की जा रही है। कुछ पूजा पंडालों में भी जोत जंवारा स्थापित किए गए हैं। मंदिर एवं पूजा पंडालों में नियमित रूप से धार्मिक आयोजनों की श्रृंखला बनी हुई है।

**शाम होते ही जस गीतों की गूंज** : शाम होते ही जस गीतों की गूंज से भक्तिमय माहौल बना हुआ है। सुबह से लेकर देर शाम तक लोग सपिरवार मंदिर सहित पूजा पंडालों में माता के दर्शन एवं पूजा-अर्चना के लिए पहुंच रहे हैं। जस गीतों के साथ ही विविध धार्मिक व सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत शहर के गंज मंडी, ममता नगर, सोनारपारा में बीती शाम धार्मिक भजनों का कार्यक्रम आयोजित किया। इसके अलावा पूजा पंडालों के समक्ष पारंपरिक गरबा इत्यादी के भी कार्यक्रम किए जा रहे।

**दो दिन मनाएंगे पंचमी**

बताया गया कि पंचमी भी दो दिन पड़ रहा है। जिसके चलते सोमवार एवं मंगलवार को पंचमी पर माता का विशेष श्रृंगार किया जाएगा एवं विधि-विधान से पूजा-अर्चना की जाएगी। शीतला मंदिर पुजारी राज महराज ने बताया कि पंचमी पर्व मंगलवार को मनाया जाएगा। वहीं मां पाताल भैरवी मंदिर के सचिव गणेश प्रसाद शर्मा गन्नू ने बताया कि पंचमी पर्व कल सोमवार को विधि-विधान से मंदिर में मनाया जाएगा।

## अवैध रूप से शराब बिक्री, 1 गिरफ्तार

**राजनांदगांव**। अवैध रूप से शराब बिक्री करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। वहीं एक के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार चिखली पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत 5 अक्टूबर को पुलिस ने मुखबीर की सूचना पर मोतीपुर स्कूल मैदान के पीछे अवैध शराब बिक्री कर रहे आरोपी धनेश भीमरे 38 साल साकिन मोतीपुर को पकड़ा। आरोपी के कब्जे से 19 पौवा गोल्डन गोवा अंग्रेजी शराब व बिक्री रकम 270 रुपए जब्त किया गया। आरोपी के विरूद्ध धारा 34(1) आबकारी एक्ट के तहत वैधानिक कार्रवाई किया गया। पुलिस के अनुसार अनावेदक तरनदीप सिंग शराब के नशे में मालवाहन चालक और आने-जाने वाले लोगों को गाली-गलौज कर वाद-विवाद कर अशांति फैला रहा है कि सूचना पर मौके पर राहगीरों और पुलिस द्वारा समझाने व आक्रोशित होने लगा। संज्ञेय अपराध की आशंका पर तरनदीप सिंग 25 साल साकिन गौरीनगर को धारा 170, 126, 135(3) बीएनएसएस के तहत विधिवत गिरफ्तार कर माननीय कार्यपालिक मजिस्ट्रेट के न्यायालय में पेश कर आदेशानुसार जेल भेजा गया।

# ट्रक और पिकअप सहित अवैध कबाड़ जब्त, चार पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

धरपकड़ अभियान के तहत पुलिस ने एक ट्रक एवं पिकअप वाहन से कबाड़ी सामान बरामद कर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार खैरागढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत 6 अक्टूबर को पुलिस को पेट्रोलिंग के दौरान मुखबीर से सूचना प्राप्त हुआ कि एक बारह चक्का ट्रक एवं एक 407 पिकअप में लोहे का टिन, तार आदि कबाड़ी सामान भरा हुआ है, जो जालबांधा, दुर्ग एवं बाजार अतरिया की ओर जा रहा है।

### पुलिस ने नाकाबंदी कर पकड़ा

जिसकी सूचना पर थाना प्रभारी खैरागढ़ जितेन्द्र बंजारे के नेतृत्व में थाना खैरागढ़ से अलग-अलग दो टीम बनाकर बीबीसी पेट्रोल पंप एवं इतवारी बाजार तिराहा के पास नाकाबंदी कर आते एक बारह चक्का ट्रक एवं बीबीसी पेट्रोल पंप के पास अमलीपारा में एक 407 पिकअप को रोका गया। उक्त वाहनों को चेक करने पर ट्रक में कबाड़ सामग्री साइकिल, ड्रम, लोहे की रॉड, तेल टीना एवं अन्य कबाड़ सामान भरा हुआ मिला। इस संबंध में ट्रक ड्राईवर श्यामकांत पांडेय एवं हेल्फर हीरासिंह मार्कण्डेय से पूछताछ करने पर कबाड़ सामान के संबंध में कोई वैद्य कागजात नहीं होना बताए। कबाड़ी सामान को वजन कराने पर 4920 किलोग्राम कीमत 70000 रुपए एवं 407 पिकअप में 5030 किलोग्राम कबाड़ी लोहा सामान कीमत 90000 रुपए का भरा मिला। जिसके ड्राईवर साबिर मेमन एवं हेल्फर



जयप्रकाश सिंह को कबाड़ी सामान का कागजात पेश करने कहा गया, जिस पर कोई वैध कागजात नहीं होना बताए। अवैध रूप से बिना कागजात कबाड़ सामान परिवहन करते पाए जाने पर दोनों वाहनों के कबाड़ी सामान चोरी के सामान होने की संदेह पर दोनों वाहन ट्रक और पिकअप सहित कबाड़ी समान कुल वजनी 9950 किलोग्राम कीमती कुल 1,60000 रुपए को मौके पर धारा 35(1) (ई) भा.ना.सु.सं/ 303(2), 3(5) भा.न्या.सं. के तहत जब्त किया गया।

### चार के खिलाफ कार्रवाई

पुलिस के अनुसार अनावेदक श्यामकांत पांडेय उम्र 62 साल निवासी कृष्णा नगर नागपुर, हीरासिंह मारकंडे 34 साल निवासी जुरलाखुर्द, साबिर मेमन 29 साल निवासी दाऊचौरा खैरागढ़ एवं जयप्रकाश सिंह 55 साल निवासी पारडी नागपुर के विरूद्ध इस्त. क्रमांक 13/2024, 14/2024 धारा 35 (1) (ई) भा.ना.सु.सं./ 303 (2), 3(5) भा.न्या.सं. तैयार कर जांच में लिया गया एवं जब्तशुदा सम्पत्तियों के स्वामियों का पता तलाश किया जा रहा है।

# शराब का परिवहन करते 3 पकड़ाए, 390 पौवा जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

धरपकड़ अभियान के तहत डोंगरगांव पुलिस ने सरस्वती शिशु मंदिर के पास घेराबंदी कर आरोपियों के पास से 390 पौवा देशी प्लेन शराब बरामद कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार थाना डोंगरगांव पुलिस ने मुखबीर की सूचना पर रेड कार्रवाई के दौरान आरोपियों के पास से सफेद रंग के तीन बोरियों मे कुल 390 नग पौवा देशी प्लेन शराब युनिक बरामद किया। वहीं दो नग मोटर साइकिल पल्सर, एक नग धारदार चाकू स्टील का बटनदार को जब्त किया। इस मामले में आरोपी दीपेश राजपूत 28 साल पता वार्ड नं. 8 करियाटोला,



शुभम गजभिये 24 साल पता वार्ड नं. 9 सेवतापारा, मयंक सोनटेके 24 साल सिनेमा लाईन डोंगरगांव को गिरफ्तार किया गया एवं एक विधि से संघर्षरत बालक के कब्जे से 1 नग धारदार चाकू स्टील को जब्त कर आरोपियों को ज्युडिशियल रिमांड पर पेश किया गया है। वहीं विधि से संघर्षरत बालक को माननीय किशोर न्याय बोर्ड में पेश किया गया है।


संजीवनी
नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
स्त्री रोग विभाग
उपलब्ध सुविधाएं...
+ सभी उच्च जोखिम वाले गर्भधारण का प्रबंधन
+ सुरक्षित और सफल गर्भावस्था देखभाल
+ सामान्य प्रसव/दर्द रहित प्रसव और सीजेरियन जन्म
+ लैप्रोस्कोपी और कैंसर सहित गाइन सर्जरी
+ बांझपन का उपचार, + हिस्ट्रोस्कोपी
+ स्त्री रोग संबंधी सभी विकारों का उपचार
+ चिकित्सा और शल्य चिकित्सा संबंधी विकार
OPD : 1 PM to 5.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365



## सेवागीतों के साथ हो रही देवी की आराधना, जगमगा रहे ज्योति कलश

# मंदिर में हर रोज उमड़ रहे लाखों श्रद्धालु







हरिभूमि न्यूज ▶▶ डोंगरगढ़

क्वांर नवरात्रि के अवसर पर मां बम्लेश्वरी मंदिर में लाखों श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। प्रतिदिन 2 से ढाई लाख भक्त दर्शन करने पहुंच रहे हैं।इसी बीच बीती रात धमतरी निवासी सोनल साहू नामक महिला की मौत हो गई। एडिशनल एसपी राहुलदेव शर्मा ने मौत की पुष्टि करते हुए बताया कि महिला को सुबह 5 बजे इलाज के लिए अस्पताल लाया गया था, लेकिन उसकी मौत हो चुकी थी। महिला की मौत का कारण अज्ञातहै। मां बम्लेश्वरी मंदिर में लगातार बढ़ रही भीड़ को देखते हुए जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा के व्यापक

### बमलाई दाई को देंगे सेवा अर्जी

**कलकसा।** मां बम्लेश्वरी के मंदिर में वर्षों पुरानी गोंडी परंपरा फिर से शुरु होने जा रही है। रोजाना गोंडी संस्कृति के अनुसार सुबह- शाम भूमका बैगाओं द्वारा सेवा अर्जी किया जा रहा है। रियासत कालीन गोंड राजाओं की कुलदेवी बम्लेश्वरी की सेवा अर्जी प्राचीन काल से पंचमम्को भेंट किया जाता था। गोंड समाज के तहसील अध्यक्ष संतोष पड़ोती, नरोत्तमसिंह कुंजाम, राजेंद्र नेताम, प्रवीण मंडावी, तिजऊ मंडावी, मदन खुरशयम, मायाराम मंडलोई, दशरथ नेताम, प्रेमलाल मंडावी, भुवन मंडावी, किशोर नेताम, राजेश नेताम, रुदन उइके, महेंद्र नेताम ने इस परंपरा को फिर से प्रारंभ किया है। इस दिन बस्तर क्षेत्र से आंगा देव के साथ गोंडी रेला,पाटा एवं शहनाई की धुन में जात्रा चलेगी। यह कार्यक्रम कल सोमवार को शाम पांच बजे बूढादेव गुफा से बम्लेश्वरी मंदिर, गोल बाजार स्थित बैगीन दाई, बस स्टैंड स्थित बैगा बाबा तक जात्रा चलेगी।

## नवरात्र को लेकर सर्वत्र भक्ति का माहौल



### लोगों को लुभा रहे दुर्गा पंडाल

**गंडई पंडरिया।** नगर में शारदीय नवरात्र पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। मंदिरों में विशेष साज-सज्जा किया गया है। पर्व के चलते नगर में भक्तिभरा माहौल निर्मित हो गया है। नगर के विभिन्न दैवी मंदिरों में ज्योत जलाया गया है। माँ गंगाई मंदिर के पुजारी अनुभव दुबे ने बताया कि गंगाई मंदिर में अष्टमी एवं नवमी 11 अक्टूबर को मनाया जाएगा। नगर के मां गंगाई मंदिर में कुल 722 ज्योत कलश प्रज्जवलित किया गया है। पंडरिया वार्ड 4 स्थित दुर्गा मंदिर में 19, कवर्धा रोड स्थित राधा कृष्ण मंदिर में एक, टिकरीपारा के देउर मंदिर के पास स्थित काली मंदिर में 12 ज्योत कलश जलाए गए हैं। नगर के दुर्गा पंडाल बरबस ही लोगों को आकर्षित कर रहे हैं। दुर्गा पंडालों की सजावट और मूर्तियां देखने लायक है।

### आदि शक्ति की पूजा अर्चना जारी

**मुरमुंदा।** ग्राम में क्वांर नवरात्रि की शुरुआत गुरुवार को हुई। ग्राम के कई स्थानों पर मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित किया गया है। पहले दिन आस्था की ज्योत जलाई गई। पंडालों में जस गीत एवं भजनों के साथ मां दुर्गा की प्रतिमा विराजित कर भक्तों ने पूजा अर्चना किया। नवरात्र के मौके पर रेंगाकठेरा के गढमाता मंदिर में सुबह से शाम तक भक्तों की भीड़ लगी रहती है। मां बम्लेश्वरी के दर्शन करने जाने वाले पदयात्रियों के लिए गांव गांव में जलपान की व्यवस्था किया गया है।

### मंदिरों में कलश स्थापित

**पटेवा।** ग्राम पटेवा सहित अंचल में इन दिनों शारदीय नवरात्रि पर्व धूमधाम से मनाया जा रहा है। अनेक स्थानों पर माता की प्रतिमा स्थापित किया गया है। देवालयों में मनोकामना ज्योति कलश की स्थापना किया गया है। दुर्गा पंडालो को आकर्षक विद्युत लाईटों से सजाया गया है जहां शाम ढलते ही दर्शनार्थियों की भीड़ माता के दर्शन हेतु उमड़ने लगती है। जानकारी के अनुसार शीतला मंदिर में 126 ज्योति कलश, दुर्गा मंदिर में 22, शनि मंदिर में 6, शंकर मंदिर में 3 ज्योति कलश स्थापित किया गया है। सेवा भजन मंडली द्वारा माता की सेवा प्रति दिन की जा रही है।

**जय जग जननी आदि भवानी, जय महिषासुर मारिणी मां। उमा रमा गौरी ब्रह्माणी, जय त्रिभुवन सुख कारिणी मां ।।**


सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति मुरमुंदा


टावर पारा सड़क अतरिया


दुर्गा उत्सव समिति चकनार


दैहान चौक खैरा नवापारा


बस स्टैंड कुकुरमुड़ा चौक


बस स्टैंड सड़क अतरिया


भाटापारा सड़क अतरिया


मंदिर परिसर नर्मदा

## खबर संक्षेप

### जिमीकंद लगाओ अभियान आरंभ



**मोहला।** शनिवार को जिमीकंद लगाओ पैसा कमाओ अभियान की शुरूआत ग्राम घासीटोला एवं लमती में की गई। इस दौरान पद्मश्री फूलबासन यादव, अभियान प्रमुख शिव देवांगन, जनिया साहू, चंद्रकला, जयश्री, तिहारूराम, देवकुमार आदि उपस्थित थे। इस दौरान पद्मश्री श्रीमती यादव ने कहा कि जिमीकंद बिना लागत एवं देखरेख के हो जाता। जिमीकंद स्वादिष्ट होने के साथ स्वास्थ्य के लिए लाभदायक होता है। पूर्व में 32 लाख से अधिक जिमीकंद बीज का रोपण किया गया था जिसका लाभ महिलाओं को मिल रहा है। शिव देवांगन ने बताया कि देशी जिमीकंद बीज का प्रारंभिक तौर पर 200 गांवों में 20 लाख रोपण करने का लक्ष्य रखा गया है। जिमीकंद 2 वर्ष में 1.5 किलो होता है। प्रति किलो 30 रूपए में बिकता है। 20 लाख जिमीकंद लगाते है तो 2 वर्ष में 9 करोड़ का लाभ होगा।

### पुराने बस स्टैंड में महाआरती आज

**डोंगरगांव।** श्री निशांत दुर्गा एवं दशहरा उत्सव समिति द्वारा क्वांर नवरात्रि की पंचमी के मौके पर कल 7 अक्टूबर को महाआरती और महाप्रसादी का आयोजन किया गया है। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि महाप्रसादी का वितरण अपरान्ह तीन बजे से किया जाएगा। महाआरती शाम 7.30 बजे होगी। इसी क्रम में आगामी 11 अक्टूबर को हवन पूजन और 12 अक्टूबर को विसर्जन किया जाएगा। आगामी 12 अक्टूबर को विशाल रावण पुतले का दहन किया जाएगा।

### सांस्कृतिक कार्यक्रम आज

**पटेवा।** ग्राम पटेवा में कल 7 अक्टूबर को दुर्गा उत्सव समिति बाजार चौक के तत्वावधान में छत्तीसगढ़ी लोक रिकार्डिंग डांस परिवार खलारी का कार्यक्रम रखा गया है। आयोजक समिति के सदस्यों ने अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की है।

### सांसद अग्रवाल ने किया देवी दर्शन

**डोंगरगढ़।** रायपुर के सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने परिजनों के साथ यहां पहुंचकर माता बम्लेश्वरी उपर मंदिर एवं नीचे मंदिर में पूजा अर्चना किया।



भाजपा नेता श्री अग्रवाल का ट्रस्ट समिति के पदाधिकारी, भाजपा नेताओं ने स्वागत किया। इस दौरान दुर्ग ग्रामीण के विधायक ललित चंद्राकर ने भी माता के दर्शन किया। इस दौरान ट्रस्ट अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, उपाध्यक्ष अनिल गट्टानी, प्रकाश बिंदल, संजीव गोमास्ता, हरविंदर सिंग मंगे, विजेन्द्र सिंग ठाकुर, संतुराव अन्ना, प्रिंस कक्कड़, गिरीश साहू, मयंक डोंगरे, केशव नरेडी, अंश नरेडी, दुर्गा राव सहित अन्य उपस्थित थे।

**पाठक सूचना**

राजनांदगांव जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319268069, 9425565082

# संस्कृति महोत्सव में बच्चों का उत्कृष्ट प्रदर्शन



**डोंगरगढ़।** सरस्वती शिशु मंदिर खैरागढ़ में गत दिनों संस्कृति महोत्सव आयोजित किया गया। इस दौरान आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में निष्ठा बसेना ने एकल अभिनय प्रथम, खोमिका यादव ने कथाकथन में प्रथम, ओजस्वी, ओजल, याशिका ने वंदे मातरम में द्वितीय, निकिता यादव ने एकल अभिनय में प्रथम, शिवम सिन्हा ने चित्रकला में प्रथम, वंशिका समुंद्रे ने गीता पाठ में प्रथम, दिव्यकिरण सिन्हा ने व्यक्तिगत गीत में प्रथम, विद्या वर्मा, भूमिका नेवारे, अंजू सिन्हा ने वंदे मातरम में प्रथम, डिंपल यादव ने तात्कालिक भाषण में द्वितीय, दीक्षा मेश्राम ने कथा कथन में द्वितीय स्थान हासिल किया। इस दौरान संरक्षक आचार्य बोधन भारद्वाज, योगिता नागमोते उपस्थित थे। विजेता बच्चे अब प्रतियोगिता में हिस्सा लेने राजिम जाएंगे। इस उपलब्धि पर विद्यालय शिक्षा समिति के अध्यक्ष सुनील जैन, सचिव नीलम चोपड़ा, उपाध्यक्ष मीना गिरधर, कोषाध्यक्ष प्रकाश गिरधर, पूर्व अध्यक्ष नारायण अग्रवाल, प्रभाकर राव गिरधर, लक्ष्मी नारायण अग्रवाल, सुरेश सोनी, गोपाल खेमुका, प्राचार्य प्रकाश यादव, प्रधानाचार्य जागेश्वर निषाद, आचार्य सुरेश वैष्णव, थैलेश साहू, वीरसिंह यादव, धर्मेंद्र गोमास्ता, विनोद ताम्रकार, बोधन भारद्वाज, सुशील यादव, ज्योतिष यादव, देवीसिंह ठाकुर, उत्तम नागमोते, ओमप्रकाश महोबिया, नरेश सिन्हा, अमित शुक्ला, विशेष साहू, प्रदीप सिन्हा, सौरभ फूले, डीगेश साहू, गणेश वर्मा, सुषमा शांडिलकर, कीर्ति दफेदार, एस राव, स्मृति पांडे, रेवती वर्मा, झुंपा मंडल, त्रिवेणी मंडल, पल्लवी, कौशल्या वर्मा, प्रीतिवाला वैष्णव, अमिता जैन, चंद्रिका यादव, माया वशिष्ठ, ज्योति शर्मा, प्रिया भारती, लता सोनकर, योगिता नागमोते, निशा नागमोते, ममता सोनवानी, हिमांशु इंदुलकर, मोनिका वाकले आदि ने बधाई दी है।

## दुर्गा पंडाल में साइबर अपराध की जानकारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सड़क अतरिया

पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल के निर्देश पर पुलिस विभाग द्वारा समर्थ अभियान के तहत दुर्गा पंडालों में पहुंच कर ग्रामीणों को साइबर अपराध की जानकारी दी जा रही है। रविवार को गंडई पुलिस ने सड़क अतरिया सहित अन्य गांव के दुर्गा, सरस्वती पंडाल में लोगों को साइबर जालसाजी से सतर्क किया।

गंड़ई थाना से पहुंचे शंकरलाल टंडन ने ग्रामीणों को फेंक ऐप, जॉब फ्राड, फेंक खाता, डिजिटल अरेस्ट, आनलाईन धोखाधड़ी, एटीएम धोखाधडी आदि से बचने के लिए जागरूक किया। उन्होंने कहा कि ज्यादातर लोग विभिन्न आनलाईन खेम से ठगी का शिकार हो जाते हैं। उन्होंने आनलाईन खेलों से दूर रहने की सलाह दिया।

वही अंजान फोन आने पर ज्यादा देर तक बात नहीं करने सचेत किया। अपना एटीएम पिन नम्बर, खाता, ओटीपी किसी से भी शेयर नहीं करने की सलाह दिया।

# सड़क तक फैले दुकानों के सामान आवागमन बाधित होने से बढ़ी परेशानी

**डोंगरगांव।** लचर प्राशसनिक व्यवस्था के चलते शहर की यातायात सहित अन्य व्यवस्था चरमरा गई है। दुकान के बाहर और सड़क तक सामान फैला कर रखने और भीड़ वाली जगहों पर भारी वाहनों के प्रवेश से लोगों को आए दिन परेशान होना पड़ रहा है। बाजार एरिया सहित अन्य व्यवसायिक क्षेत्र वाले स्थानों पर वाहनों को खड़ाकर सामानों की लोडिंग अनलोडिंग करने से आए दिन जाम की स्थिति बन जाती है। प्रशासन द्वारा ध्यान नहीं देने के कारण सड़क पर वाहन खड़े कर दिया जाता है।



**सड़क पर मटेरियल डंप**

शहर की सड़कों के संकरा होने के बाद भी लोगों द्वारा मार्ग को बाधित करते हुए निर्माण सामाग्री डंप कर दिया जाता है जिससे भी लोगों को दिक्कत होती है किन्तु प्रशासन द्वारा आवाजाही को बाधित करने वालों के खिलाफ कोई एक्शन नहीं लिया जा रहा है।

### सड़क तक फैली दुकानें

डोंगरगांव- अंबागढ़ चौकी मार्ग, श्रीराम द्वार से चंडी मंदिर, चड़ी मंदिर से सदर लाईन, व्यवसायिक परिसर, चंडी मंदिर से हड़ी पसरा की ओर दुकानों के संचालक दुकान के बाहर और सड़क तक सामान फैला कर रखने से गुरेज नहीं कर रहे है। सड़कों तक सामान रखने से मार्ग सकरा हो जाता है और आवाजाही बाधित होती है। वहीं व्यवसायिक परिसर, चंड़ी मंदिर से सदर लाईन, पुराने बस स्टैंड से सदर लाईन मार्ग पर आए दिन सड़क पर वाहनों को खड़ा कर सामान लोड अनलोड किया जाता है।









# धान में माहू का प्रकोप, किसान चिंतित

## पखवाड़ेभर बाद हरूना धान की कटाई होगी शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶|सड़क अतरिया



महामाया सहित कम अवधि में पकने वाले धान की बालियां नब्बे फीसदी निकल गई है। अनुमान है कि अगामी पखवाड़े में हरूना धान की कटाई शुरू हो जाएगी, परंतु कटाई के पहले किसानों को फसल को सुरक्षित करने ऐड़ी चोटी का प्रयास करना करना पड़ रहा है। धान की बालियों में माहू का प्रकोप बढ़ने लगा है।

दवा छिड़काव के बाद भी इस पर अंकुश लगाना किसानों के लिए मुश्किल साबित हो रहा है। खैरा नवापारा, सण्ड़ी, गुमानपुर, अतरिया के किसानों ने बताया कि कम अवधि में पकने वाला हरूना धान अब पकने के कगार पर है। ऐसे समय पर पौधों में माहू का प्रकोप तेजी से बढ़ रहा है। माहू धान की फसल को चट कर रहे है। किसानों ने बताया कि कृषि केन्द्रों से दवा लाकर दो से तीन दफा छिड़काव करने के बाद भी दवा कारगार साबित नहीं हो रही है। माहू के प्रकोप से दो चार दिन में खेत की स्थिति बिगड़ रही है। यह प्रकोप महामाया धान पर अधिक देखने मिल रहा है। इसके अलावा हाईब्रेट सहित अन्य कम अवधि में पकने वाले धान में यह शिकायत अधिक है। कृषि विभाग के अनुसार माहू से बचने के लिए फसल में संतुलित यूरिया का प्रयोग करना चाहिए। अधिक यूरिया के प्रयोग से माहू का प्रकोप बढ़ जाता है।

### माहू से फसल बचाने का उपाय

कृषि विकास अधिकारी मोहित बजरंग ने बताया कि भूरा माहू अधिक नुकसान दायक होता है। यह तेजी से फसल को खराब कर देता है। बचने के लिए डाईनोटफ्यूरान, पाईमेट्रोजिन, थियामेथोक्साम, फिप्रोनिल दवा का छिड़काव करना चाहिए।

### सोयाबीन की कटाई मिंजाई तेज

मौसम खुलने के बाद से सोयाबीन की कटाई तेजी आ गई है। अगले दो चार दिनों में हरूना सोयाबीन की कटाई मिंजाई पूरी हो जाएगी। लंबी अवधि में पकने वाला सोयाबीन की कटाई शुरू होने में सप्ताह भर इंतजार करना पड़ सकता है। किसानों ने बताया कि सोयाबीन की फसल बेहतर होने के बाद भी औसत पैदावार काफी कम है।

### टमाटर की फसल चौपट

लगातार खराब मौसम के चलते टमाटर की फसल काफी प्रभावित हुई है। प्रति एकड़ औसत उत्पादन कम निकलने से किसानों को लागत वसूलना मुश्किल हो गया है। किसानों ने बताया कि तेज बारिश एवं बाढ़ के चलते टमाटर की फसल गल गई तथा शेष फसल में बीमारियों ने घेर लिया है जिस वजह से टमाटर की

# आचार्य विद्यासागर के नाम पर ट्रेन शुरू करने की मांग



**डोंगरगढ़।** जैन तीर्थ चंद्रगिरि में आने वाले धर्मानुयायियों की बढ़ती संख्या को ध्यान में रखकर गोंदिया से जबलपुर आने वाले यात्री ट्रेनों का विस्तार डोंगरगढ़ तक करने के साथ आचार्य श्री विद्यासागर महाराज के नाम से विद्यासागर एक्सप्रेस शुरू करने की मांग पालिका के पूर्व अध्यक्ष तरूण हथेल ने की है। उन्होंने इस आशय का पत्र प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, सांसद संतोष पांडे, रेलवे बिलासपुर जनरल मैनेजर, रेलवे नागपुर डीआरएम को प्रेषित किया है। उन्होंने बताया कि डोंगरगढ़ में सभी धर्मो का एक पुरातन इतिहास झलकता है। वर्तमान में चंद्रगिरि जैन तीर्थ एवं मां बम्लेश्वरी का मंदिर काफी विख्यात है। यहां स्थित बौद्ध तीर्थ प्रज्ञागिरि में लोग गोंदिया जबलपुर एक्सप्रेस से गोंदिया तक पहुंचते है। उक्त ट्रेनों को डोंगरगढ़ तक बढाया जाता है तो लोगों को काफी सुविधा मिलेगी। उन्होंने उक्त ट्रेन को आचार्य विद्यासागर एक्सप्रेस के नाम से चलाने की मांग की है।

# कोड़का के मानस सम्मलेन आयोजित

**सड़क अतरिया।** कोड़का के प्राचीन महामाया मंदिर में तुलसी मानस प्रतिष्ठान द्वारा आयोजित पांच दिवसीय रामायण सम्मलेन में रविवार को पूर्व विधायक कोमल जंघेल शामिल हुए। श्री जंघेल एवं अन्य जनप्रतिनधियों का समिति के सदस्यों ने स्वागत किया। श्री जंघेल ने नवरात्रि पर्व की शुभकामनाए दिया। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष नेतराम जंघेल, उपाध्यक्ष कृष्णकांत महोबिया, देवशरण जंघेल, नरेश जंघेल, रामबिलास वर्मा सहित उपस्थित थे।












## खबर संक्षेप



### कोर्ट परिसर में सफाई

**खैरागढ़।** छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर एवं सुषमा सावंत अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राजनांदगांव के निर्देशानुसार व्यवहार न्यायालय खैरागढ़ में महात्मा गांधी की जन्म जयंती पर स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम अंतर्गत साफ सफाई किया गया। जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश चन्द्र कुमार कश्यप ने कहा कि साफ-सफाई हमारे जीवन का एक महत्वपूर्ण पहलू और प्राथमिकता भी है। स्वच्छता जरूरी है क्योंकि साफ-सफाई से हम जीवन में आने वाली कई परेशानियों से मुक्ति पा सकते हैं। स्वच्छता का अर्थ है सफाई से रहने की आदत। सभी लोगों को इसे अपनी दिनचर्या में शामिल करना चाहिए। इस अवसर पर पूरे कोर्ट परिसर की साफ सफाई की गई। जिसमें अपर सत्र जिला व सत्र न्यायाधीश चंद्र कुमार कश्यप मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट विवेक गर्ग, ज्यूडिशल मजिस्ट्रेट फस्ट क्लास गुरु प्रसाद देवांगन, अधिवक्ता संघ अध्यक्ष सुरेश सिंह ठाकुर, सर्वेश ओसवाल, भुनेश्वर वर्मा, पीएलवी गोलूदास साहू, कला प्रजापति, न्यायिक कर्मचारी व्यास नारायण राठौर, मनोहर देवांगन, प्रसन्न श्रीवास्तव, आरके लांझकर, ईलेश देवांगन, धनंजय सेवेलकर, रोहित साहू, अमरनाथ जयसवाल, सिद्धार्थ तिवारी, संतोष बारले, भुनेश्वर कौशिक, राजेश खरे, विनय सोनी, मनीष गुप्ता, पूजा बनसोड़, राजेश सहित अन्य उपस्थित थे।

### अग्रसेन जयंती महोत्सव के रूप में धूमधाम से मनाया गया

# विभिन्न आयोजनों के साथ निकाली गई भगवान अग्रसेन की शोभायात्रा

## विभिन्न खेल एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

नगर में अग्रवंश के संस्थापक भगवान अग्रसेन की जयंती महोत्सव के रूप में मनाया गया। गत 29 सितंबर को कार्यक्रम की शुरुवात पूर्व जनपद सदस्य अजय अग्रवाल के मु,य आतिथ्य एवं मयूर भूतिया एवं अनुरागअग्रवाल के आतिथ्य में किया गया। महोत्सव के तहत चार दिनों तक विभिन्न खेल एवं सांस्कृतिककार्यक्रम का आयोजन हुआ। पांचवे दिन भगवान अग्रसेन की शोभायात्रा निकाली गई जो मारवाड़ी धर्मशाला से टॉकीज चौक, स्टेट बैंक रोड, भंडारी चाल, जैन मंदिर मार्ग, गोल बाजार अग्रसेन मार्ग, जयस्तंभ चौक से मारवाड़ी धर्मशाला में समाप्त हुई। शोभायात्रा के दौरान भगवानअग्रसेन के भजनों की प्रस्तुती दी गई। शोभायात्रा के अग्रसेन भवन पहुंचने पर अतिथियों एवं समाज के लोगों ने पूजा अर्चना किया। तत्पश्चात प्रसाद का वितरण किया गया।

जयंती कार्यक्रम में मयूर बिंदल, सौरभ पचेरीवाला, सौरभ भूत, उमंग पचेरीवाला, नेमीष अग्रवाल, अभिनव भूत, आयुषी नरेड़ी, राजेश अग्रवाल, गोवर्धन अग्रवाल, आनंद अग्रवाल, कैलाश अग्रवाल की महती भूमिका रही। कार्यक्रम में अग्रवाल समाज के अध्यक्ष राजेश अग्रवाल, श्याम सुंदर नरेडी, पवन भूत, विनय बसंल, प्रणय अग्रवाल, आतिश नरेडी, अभिषेक अग्रवाल, आनंद अग्रवाल, नीरज पचेरी, रितेश अग्रवाल, प्रकाश अग्रवाल, अंकुर अग्रवाल, सन्नी अग्रवाल, सरोज नरेडी, पंकज अग्रवाल, ऋतुकिशन अग्रवाल, किरण नरेडी, शोभाप्रकाश बिंदल, संध्या बिंदल, अजय अग्रवाल, सुभाष पचेरीवाला, मुकेश भूत, निखार भूत, विपुल पचेरीवाला, नितिन पचेरीवाला, नवदीप अग्रवाल, प्रदीप अग्रवाल, श्याम अग्रवाल सहित अन्य उपस्थित थे।



### बुजुर्गों का सम्मान

कार्यक्रम में समाज के 75 वर्ष से अधिक उम्र के महिला पुरुषों का सम्मान किया गया। करीब 35 से अधिक बुजुर्गों का सम्मान श्रीफल एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर किया गया। चार दिनों तक चले कार्यक्रम क प्रतिभागी युवक युवतियां जिन्होंने प्रथम, द्वितीय स्थान हासिल किया गया को भी सम्मानित किया गया। समाज के होनहार बच्चों को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उन 10 से अधिक जोड़ों को सम्मानित किया गया जिनकी एक ही पुत्री है। कार्यक्रम में स्वागत अध्यक्ष ट्रस्टी प्रकाश बिंदल, श्री कृष्ण गौशाला कमेटी के अध्यक्ष वीरेंद्र अग्रवाल, अग्रवाल सभा के कार्यकारी अध्यक्ष राजेश अग्रवाल, महिला मंडल अध्यक्ष सुनीता बिंदल भी मौजूद थे। संचालन कन्हैयालाल अग्रवाल एवं आभार प्रदर्शन मनमोहनअग्रवाल ने किया।


### विविध कार्यक्रम आयोजित

महाराजा अग्रसेन चौक में मुख्य अतिथि पूनमचंद्र अग्रवाल ने मूर्ति पर माल्यार्पण कर पूजन अर्चन किया। महिलाओं ने रास गरबा की प्रस्तुती दिया। मुख्य समारोह मारवाड़ी धर्मशाला में आयोजित किया गया। महाराजाअग्रसेन के पूजन अर्चन के पश्चात अतिथियों का स्वागत हुआ। इस मौके पर मुख्य अतिथि पूनमचंद्र अग्रवाल ने कहा कि आज समाज में मानवतावाद और समाजवाद को प्रतिपादित करने वाले भगवान अग्रसेन के विचारों को आत्मसात करने की जरूरत है। उन्होंने महाराजा अग्रसेन के बताए मार्ग पर चलकर जीवन को सफल बनाने का आव्हान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे पत्रकार गोपाल खेमुका ने कहा कि पितृ पुरुष भगवान रामचंद्र के पुत्र कुश की 34 वीं पीढ़ी के महाराजा अग्रसेन की जयंती मना रहे है जो समाजवाद के अग्रदूत थे। उन्होंने एकजुट होने का आव्हान करते हुए कहा कि अग्रसेन जयंती हमें यह अवसर प्रदान करती है। उन्होंने हतोत्साहित करने के बजाए एक दूसरे को सहयोग कर आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करने कहा। विशिष्ट अतिथि राजेशकुमार भूतिया ने भी संबोधित किया। बमलेश्वरी ट्रस्ट के अध्यक्ष मनोजअग्रवाल ने कहा कि देश में सबसे अधिक टैक्स देने वाला अग्रवाल समाज हैं। हम हर क्षेत्र में आगे हैं परंतु अब एक जुट होकर आगे बढ़ने की जरूरत है।

ॐ जयन्ती मंगला काली भद्रकाली कपालिनी।
दुर्गा क्षमा शिवा धात्री स्वाहा स्वधा नमोऽस्तुते




मां शीतला चौक पटेवा



शीतला समिति इरईकला



बाजार चौक पटेवा



लीला चौक पटेवा



चित्रकला सरस्वती उत्सव समिति स्टेशनपारा



मां सरस्वती उत्सव समिति स्टेशनपारा

# स्वच्छता ही सेवा के तहत विवि में सांस्कृतिक संध्या का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

- गांधी भजन, कथक नृत्य व नुक्कड़ नाटक की दी गई प्रस्तुति

गांधी जयंती की पूर्व संध्या पर 1 अक्टूबर को स्वच्छता ही सेवा 2024 के तहत इन्दिरा कला संगीत विश्वविद्यालय में सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अतिथि के रुप में कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा, एसपी त्रिलोक बंसल तथा कुलसचिव एवं अपर कलेक्टर प्रेम कुमार पटेल उपस्थित थे। कार्यक्रम के तहत सर्वप्रथम संगीत संकाय के छात्र–छात्राओं द्वारा गांधी जी से संबंधित भजनों की सुमधुर प्रस्तुति दी गई। इसके पश्चात नृत्य संकाय(कथक विभाग) द्वारा "पश्चाताप" की प्रस्तुति दी गई। पश्चाताप थीम वर्तमान समय में मैली होती जा रही गंगा नदी को संरक्षित करने के संबंध में था। अंतिम प्रस्तुति के रूप में विश्वविद्यालय के छात्र–छात्राओं द्वारा सार्वजनिक स्थानों के अलावा अपने घर के आसपास कचरा नहीं फैलाने तथा कचरे का सही तरीके से निदान को लेकर नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति दी गई। सांस्कृतिक कार्यक्रम के पश्चात सभी के द्वारा स्वच्छता शपथ लिया गया।

### छात्रों ने बनाई आकर्षक रंगोली

कार्यक्रम समाप्ति के पश्चात अतिथि के रुप में उपस्थित कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा, एसपी त्रिलोक बंसल तथा कुलसचिव एवं अपर कलेक्टर प्रेम कुमार पटेल ने विश्वविद्यालय के छात्रों द्वारा स्वच्छता थीम को लेकर बनाई गई रंगोलियों का निरीक्षण किया। इस दौरान विश्वविद्यालय के छात्रों द्वारा कैंपस परिसर में बनाए गए विभिन्न वेस्ट टू आर्ट कलाकृतियां भी आकर्षण का केंद्र रहा जिसे अतिथियों ने भी सराहा। कार्यक्रम में अधिष्ठाता प्रो.डॉ. मृदुला शुक्ल, अधिष्ठाता डॉ.नमन दत्त, डीएसडब्ल्यू डॉ. देवमाईत मिंज, सहायक कुलसचिव राजेश कुमार गुप्ता सहित प्राध्यापकगण, अतिथि शिक्षक, संगतकार, कर्मचारी एवं छात्र उपस्थित थे।

# श्रद्धा पर्व में बुजुर्ग नागरिकों का किया सम्मान

## माता-पिता एवं बुजुर्गों का करना चाहिए सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

विश्व जागृति मिशन की स्थानीय इकाई ने संस्थापक सुधांशु महाराज की सदप्रेरणा से प्रारंभ श्रद्धा पर्व धूमधाम से मनाया। स्थानीय अग्रसेन भवन में आयोजित कार्यक्रम में वृद्धजनों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ गुरुदेव सुधांशु महाराज की पूजा और दीप प्रज्जवलन कर किया गया। मंथीरदास साहू, हंसराज साहू, श्रीमती साहू, सुमन खेमुका ने भजनों की प्रस्तुती दी। प्रधान एनआर देवांगन ने श्रद्धा पर्व के बारे में जानकारी दी। संयोजक गोपाल खेमुका ने बताया कि 1997 से सुधांशु महाराज ने बुजुर्गों के सम्मान के लिए श्राद्ध पर्व मनाने का निर्णय लिया था। उन्होंने कहा कि बुजुर्गों को जो श्राद्ध के रूप में 15 दिनों तक याद किया जाता है किन्तु जो जीवित है उन्हे भूला दिया जाता है। सभी को अपने माता-पिता एवं बुजुर्गों का सम्मान करना चाहिए।

### साधकों ने उतारी आरती

कार्यक्रम में सेवानिवृत द्वारका प्रसाद दुबे, फिरंगीराम पटेल, आरडी साहू, जमुना साहू, बुधराम गजभिए, राधेश्याम अग्रवाल, हीरामणि अग्रवाल, उदयसिंह, माखनलाल, जगतलाल, पुरुषोत्तम, बहलराम, सुरजाबाई साहू, एनआर देवांगन, सोनसीर देवांगन, द्वारका प्रसाद शर्मा, रमेश बहेकर, भागचंद चंद्रवंशी, आरएन सिंह, बालाराम साहू, हंसराज साहू, संवलसिंह सहारे, भागचंद चंद्रवंशी, मंथीरदास साहू, पीआर गजेंद्र, श्रीमती गजेंद्र को सम्मानित किया गया। साधकों ने चरण धोकर आरती उतारा। सम्मान स्वरूप वस्त्र भेंट किया गया। अंत में आरती कर महाप्रसादी का वितरण किया गया। इस दौरान अजय सिंह ठाकुर, संतोष टेमरे, गोपाल खेमुका, आयुष खेमुका, सुमन खेमुका, किरण नरेड़ी, लक्ष्मी देवांगन, सतीश यादव, श्रीमती यादव, कन्हैयालाल अग्रवाल, डॉ बीपी चंद्राकर, जगिन चंद्रवंशी, कैलाश अग्रवाल, मनीष साहू, श्रीमती साहू, दयाल राम, सुरेश सहारे आदि उपस्थित थे।

## नादिया में जल संरक्षण की अच्छी पहल



**गंडई पंडरिया।** ग्राम पंचायत नादिया के आश्रित ग्राम बसावर में जल संरक्षण के लिए एक अच्छी पहल की गई है। ग्रामीणों ने बंजर भूमि पर बरसात के पहले स्टैगर्ड ट्रेंच और मिनी परकोलेशन टैंक बनाकर वर्षा जल को संरक्षित करने का तरीका अपनाया है। इस पहल से न केवल जल संकट हल होगा, साथ ही भूजल स्तर भी बढ़ेगा। ग्राम पंचायत नादिया के सरपंच ने बताया कि महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना के तहत जल संरक्षण और प्राकृतिक संसाधन संवर्धन के कार्य किए जा रहे हैं। जानकारी अनुसार ग्रामीणों ने नदी नाले एवं ढलान वाली बंजर जमीनों को चुनकर स्टैगर्ड ट्रेंच और मिनी परकोलेशन टैंक बनाया है। डेढ़ एकड़ में 30: 40 की संरचना का निर्माण और लगभग 10 एकड़ में स्टैगर्ड ट्रेंच केलिए गढ्ढे खोदे गए हैं। 25 डिसमिल में एक परकोलेशन टैंक बनाया गया है।

### कमला कॉलेज में चला स्वच्छता अभियान

**राजनांदगांव।** शासकीय कमलादेवी राठी महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजनांदगांव में स्वच्छता ही सेवा है कार्यक्रम के अंतर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना एवं एनसीसी के संयुक्त तत्वावधान में वृहद रूप से स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के स्टाफ तथा छात्राओं द्वारा संपूर्ण महाविद्यालय परिसर की सफाई की गई। स्वच्छता अभियान से पहले प्राचार्य डॉ. आलोक मिश्रा द्वारा छात्राओं तथा समस्त स्टाफ को स्वच्छता हेतु शपथ दिलाई गई।

## विभिन्न श्रेणियों में 2 हजार प्रतिभागियों ने लिया हिस्सा

# सात साल बाद मैदान में जमा गरबा का रंग





हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

सात साल की लंबी अवधि के बाद नवरात्रि पर्व के दौरान संगीत नगरी के फतेह मैदान में गरबा उत्सव की धूम रही। रंग-बिरंगी रोशनी, शानदार संगीत और मातारानी की भक्ति से ओत-प्रोत इस गरबा महोत्सव में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। गरबा के दौरान विभिन्न श्रेणियों में लगभग दो हजार प्रतिभागियों ने आकर्षक वेशभूषा में शानदार प्रदर्शन किया। मातारानी की पूजा-अर्चना के साथ गरबा उत्सव का शुभारंभ करते जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने कहा कि लगभग सात साल के लंबे अंतराल के बाद मैदान में गरबा का आयोजन दोबारा प्रारंभ होना काफी सुकून का एहसास दिला रहा है। अल्प अवधि में योजना को क्रियान्वित कर वृहद स्तर पर सारी तैयारी करने दशहरा उत्सव समिति के सदस्यों की जितनी सराहना की जाए कम होगी। जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने नपा अध्यक्ष गिरजा चंद्राकर सहित पार्षदों को नए सिरे से उत्सव प्रारंभ करने बधाई दी।

इस दौरान जिला भाजपाध्यक्ष घम्मन साहू, रामाधार रजक, विनय देवांगन, रूपेंद्र रजक, शैलेन्द्र वर्मा, नीलिमा गोस्वामी, कीर्ति वर्मा, देविन कोठले, जिला भाजयुमो अध्यक्ष आयश सिंह बोनी, आलोक श्रीवास, पीयूष पटेल सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

### फतेह मैदान गरबा के रंग में सराबोर

गौरतलब है कि नवरात्रि के तीसरे दिन भव्य रूप से सजा फतेह मैदान गरबा के रंग में सराबोर नजर आया। मातारानी के भक्ति गीतों पर स्कूली बच्चों, युवाओं के साथ छोटे-छोटे बच्चे भी रंग-बिरंगी वेशभूषा पहनकर हाथों में डांडिया थामे थिरकते दिखे। इस दौरान मौजूद लोग माता के चरणों में श्रद्धासुमन अर्पित कर उनकी जयकारा लगाते दिखे।

# समय पर पूर्ण करें पीएम आवास

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

चिल्हाटी में प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत वृहत आवास मेला सह अभिमुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष गीता घासी साहू थी। कार्यक्रम में अं.चौकी जनपद अध्यक्ष कुमारीबाई जुरेशिया, जनपद उपाध्यक्ष नरोत्तम देहरी, जिला परियोजना निदेशक हेमंत ठाकुर, जनपद सीईओ प्रियंवदा रामटेके आदि शामिल हुए।

आवास मेला में प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को आवास की डिजाइन, सामग्री तथा संभावित लागत राशि की जानकारी दी गई। समय सीमा में आवास पूर्ण करने की समझाइश दी गई। उन्हें अवगत कराया गया कि जितनी जल्दी आवास का निर्माण किया जाएगा, उतनी ही कम लागत आएगी। राजमिस्त्री तथा वेंडरों को भी प्राथमिकता अनुसार हितग्राहियों की मदद करने कहा गया। अभिमुखीकरण कार्यशाला में पूर्ण हो चुके आवासों में हितग्राहियों को चाबी सौंप कर गृह प्रवेश कराया गया।




### सुविधाओं की दी जानकारी

हितग्राहियों को अवगत कराया गया कि उनके और उनके परिवार को शासन की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित करने का प्रावधान है। उन्हे आधार पंजीयन, राशन कार्ड, शौचालय, मनरेगा अंतर्गत रोजगार, उज्जवला योजना, विद्युतीकरण, आयुष्मान कार्ड, प्रधानमंत्री कृषक सम्मान, किसान क्रेडिट कार्ड, पेंशन, आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र, प्रधान मंत्री मातृ वंदन योजना, हर घर जल, आजीविका गतिविधि से जोडना की योजना है।

### हितग्राहियों का सम्मान

कार्यक्रम में स्वयं के स्वीकृत आवास को स्वच्छ एवं सुन्दर बनाने पर 10 हितग्राहियों को प्रमाण पत्र दिया। चिल्हाटी के महेन्द्र कुमार का नवनिर्मित आवास का जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमति साहू आदि ने फीता काट कर गृह प्रवेश कराया गया। रोहित बाई के आवास निर्माण के लिए भूमिपूजन किया गया।


HONDA
HONDA
नवरात्रि एवं दिपावली की
हार्दिक शुभकामनायें
मनाये यह त्यौहार
मनराज होंडा
के साथ
MICROVAVE
IRON
Telivision
MIXTURE GRINDER
REFREGIRATOR
Scratch and Win!
PRIZE
BRING HOME
YOUR FAVORITE
Honda 2 Wheeler
Redmi 9A
MOBILE PHONE
TROLLY BAG
WASHING MATCHIN
ऑफर के साथ
आकर्षक *
डिस्काउंट
आकर्षक *
ऑफर
EX-SHOWROOM PRICE
₹ 65,100/-
Shine
100cc
ACTIVA
EX-SHOWROOM PRICE
₹ 78,049/-
2100*
तक का एक्सचेंज बोनस
★ हर गाड़ी की बुकिंग पर
हेलमेट फ्री
2100*
तक का आकर्षक डिस्काउंट
★ होंडा की हर गाड़ी की खरीदी पर पाये आर्कषक उपहार और पाये डिस्काउंट का फायदा।
★ मात्र 4,999 कि डाउन पेमेंट में ले जाये अपने सपनो की गाड़ी 8.99% की ब्याज दर के साथ
http://www.manrajhonda.com manrajhondarjn manrajhondarjn
पाताल भैरवी मंदिर के पास, नागपुर नाका, डॉमिनोज के सामने, राजनांदगांव (छ.ग.)
SALES : 07744223333 , 8435999991,2 SERVICE :07744223434, 8435999993,4

## सार समाचार

### जंगलपुर के सात बच्चे चयनित

**राजनांदगांव।** शा.उ.मा. शाला जंगलपुर संकुल केन्द्र के सात बच्चों का



चयन राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के लिए हुआ है। दुर्ग में आयोजित जोन स्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर इन बच्चों का चयन हुआ है। अब ये बच्चे 6 अक्टूबर से रायपुर में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में दुर्ग जोन का प्रतिनिधित्व करेंगे। संकुल प्राचार्य पूनाराम यादव ने बताया कि विद्यालय के व्यायाम शिक्षक मनीष कुमार पांडेय, तीरंदाजी कोच राहुल साहू और भोपेंद्र सिन्हा के मार्गदर्शन में बच्चों ने यह उपलब्धि हासिल की है। चयनित छात्र-छात्राओं में यू-19 बालिका वर्ग में भारती साहू, यू-17 बालिका वर्ग में पम्मी सिन्हा एवं हिमानी साहू, यू-17 बालक वर्ग में अर्जुन, यू-14 बालक वर्ग में ईशान यादव व टिकेश्वर साहू तथा यू-14 बालिका वर्ग में हर्षा साहू शामिल हैं। छात्र-छात्राओं की इस उपलब्धि पर संकुल प्राचार्य पूनाराम यादव, रिखीराम साहू, महादेव वाल्दे, विकास समिति के सदस्यों तथा शिक्षकों ने शुभकामनाएं दी।

### फैंसी ड्रेस एवं सोलो डांस प्रतियोगिता आयोजित

**राजनांदगांव।** नीरज पैरेंट्स प्राइड स्कूल बल्देवबाग, जयस्तंभ चौक ब्रांच




एवं नीरज फाउंडेशन स्कूल द्वारा सोलो डांस एवं फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन नीरज बाजपेयी इंटरनेशनल स्कूल बोरी में एक अक्टूबर को जयस्तंभ चौक स्कूल एवं नीरज फाउंडेशन स्कूल के प्री-प्रायमरी व 2 अक्टूबर को बल्देवबाग स्कूल के प्री-प्रायमरी के बच्चों ने अपना-अपना परफार्मेंस दिया। जिसमें प्री-नर्सरी से केजी-1 के छात्र-छात्राओं द्वारा फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में भिन्न-भिन्न परिधानों में नजर आए। बच्चों द्वारा इनके परिधानों ने पालकों एवं शिक्षकों को आकर्षित किया और पालकों ने सराहना की। कार्यक्रम की इसी कड़ी में केजी-2 के बच्चों ने मनमोहक डांस की प्रस्तुतियां दी।

कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल संचालक नीरज बाजपेयी एवं सोनल बाजपेयी द्वारा किया गया। तत्पश्चात श्री बाजपेयी ने नृत्य से संबंधित विभिन्न बातों पर प्रकाश डालते कहा कि जीवन में नृत्य की उपयोगिता इसलिए है, क्योंकि नृत्य एक साधना है, नृत्य में एकाग्रता का जैसा स्थान है वैसे ही जीवन में भी एकाग्रता का महत्व है। श्री वाजपेयी ने कहा कि यह कार्यक्रम बच्चों को अपनी प्रतिभा को निखारने का अवसर प्रदान करता है।

प्रतियोगिता में कक्षावार विद्यार्थियों को अलग-अलग समूहों में विभाजित कर प्रतियोगिता संपन्न कराई गई एवं उक्त डांस प्रतियोगिता एवं फैंसी ड्रेस प्रतियोगता में प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान में चयनित छात्र-छात्राओं का चयन आमंत्रित सम्मानित निर्णायक मंडल द्वारा किया गया। इसके साथ ही सभी प्रतिभागी बच्चों को सांत्वना पुरस्कार दिया गया।

उक्त प्रतियोगिताओं के मुख्य मार्गदर्शक एवं नेतृत्वकर्ता एनपीपीएस जयस्तंभ चौक की एचएम स्नेहा तिवारी, नीरज फाउंडेशन स्कूल की एचएम मधुजा माहेश्वरी एवं एनपीपीएस बल्देवबाग की एचएम वैशाली रहे। इस अवसर पर एनबी ग्रुप ऑफ स्कूल्स की डॉयरेक्टर रेणु बाजपेयी, कुंतल बाजपेयी, एनबीआई प्राचार्य एकता गांधी, एनपीपीएस प्राचार्य ईला राठौर, उपप्राचार्य आरती पिल्लई सहित शिक्षकगण एवं स्टॉफ उपस्थित रहे। इस अवसर पर डायरेक्टर नीरज बाजपेयी द्वारा पालकों का आभार जताया।



### राकेश श्रीवास्तव का निधन

**राजनांदगांव।** सहदेव नगर निवासी राकेश कुमार श्रीवास्तव (70 वर्ष) का गत दिवस हृदयघात से निधन हो गया। वे अपने पीछे पत्नी व तीन पुत्रियों सहित भरापूरा परिवार छोड़ गए। उनका अंतिम संस्कार लखोली स्थित मुक्तिधाम में किया गया। उपस्थितजनों ने शोकसभा आहूत कर मुक्तात्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

## 24वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता संपन्न

# दुर्ग संभाग बना ओवरआल चैम्पियन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित 24वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता 2024 के समापन समारोह का आयोजन आज अंतर्राष्ट्रीय एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम राजनांदगांव में हुआ। प्रतियोगिता में मेजबान दुर्ग संभाग ने बॉस्केटबॉल, हॉकी के साथ ही शतरंज, तैराकी, वाटर पोलो एवं बेसबाल में पदक जीतकर ओवर ऑल चैम्पियनशिप का खिताब अपने नाम किया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद संतोष पांडे व अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष गीता घासी साहू ने की। विशिष्ट अतिथि पूर्व जनपद उपाध्यक्ष छुरिया रविन्द्र वैष्णव, राजेन्द्र गोलछा, लीलाधर साहू उपस्थित थे।

इस अवसर पर शिव वर्मा, आलोक श्रोती, राजेश यादव, कलेक्टर एवं आयोजन समिति के अध्यक्ष संजय अग्रवाल, आयोजन के संगठन सचिव एवं जिला शिक्षा अधिकारी प्रवास कुमार सिंह बघेल, एसडीएम राजनांदगांव अतुल विश्वकर्मा, सहायक संचालक शिक्षा आदित्य खरे सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी, प्रतिभागी एवं बड़ी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित थे।

### रूकना व झुकना नहीं चाहिए

जिला पंचायत अध्यक्ष गीता घासी साहू ने कहा कि खिलाड़ी को थकना, रूकना व झुकना नहीं चाहिए। खिलाड़ी को हमेशा अनुशासन में रहकर खेल में भी हिस्सा लेना चाहिए। डीईओ प्रवास कुमार सिंह बघेल ने आयोजन के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। 5 संभागों के आए प्रतिभागियों ने वाईडनर स्कूल की बालिकाओं द्वारा बैंड की धुन पर आकर्षक मार्चपास्ट करते सलामी दी।




### पूरी शक्ति लगाकर किया उत्कृष्ठ प्रदर्शन

सांसद श्री पांडे ने प्रतिभागियों को संबोधित करते कहा कि आप सभी ऐसे समय अपने खेल का प्रदर्शन कर रहे हैं, जब शक्ति का पर्व चल रहा है और आपने भी पूरी शक्ति लगाकर अपने उत्कृष्ठ खेल का प्रदर्शन किया है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार भी शिक्षा के साथ ही खेल के प्रति गंभीर है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी खेल व खिलाड़ियों के प्रति हमेशा सजग रहते हैं।

### शतरंज प्रतियोगिता में दुर्ग प्रथम

शतरंज बालक 14 वर्ष में प्रथम दुर्ग, द्वितीय रायपुर, तृतीय सरगुजा एवं शतरंज बालिका 14 वर्ष में प्रथम दुर्ग, द्वितीय बस्तर, तृतीय रायपुर की टीम रही। शंतरज बालक 17 वर्ष में प्रथम बिलासपुर, द्वितीय रायपुर, तृतीय दुर्ग एवं शंतरज बालिका 17 वर्ष में प्रथम दुर्ग, द्वितीय बिलासपुर, तृतीय रायपुर की टीम रही। शंतरज बालक 19 वर्ष में प्रथम बिलासपुर, द्वितीय रायपुर, तृतीय दुर्ग एवं शतरंज बालिका 19 वर्ष में प्रथम दुर्ग, द्वितीय रायपुर, तृतीय बिलासपुर की टीम रही। इसके साथ ही मेजबान दुर्ग संभाग को सभी खेलों में पदक प्राप्त करने के चलते ओवर ऑल चैम्पियनशिप का पुरस्कार प्रदान किया गया।

### बास्केटबाल में दुर्ग ने मारी बाजी

24वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता 2024 के समापन समारोह में अतिथियों द्वारा विजेता टीम के खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरण किया गया। प्रतियोगिता में बॉस्केटबॉल बालक 17 वर्ष प्रथम दुर्ग, द्वितीय रायपुर, तृतीय बिलासपुर रही। इसी वर्ग की बालिका वर्ग में प्रथम दुर्ग, द्वितीय रायपुर, तृतीय सरगुजा की टीम रही। बॉस्केटबॉल बालक 19 वर्ष प्रथम दुर्ग, द्वितीय रायपुर, तृतीय बस्तर एवं बालिका वर्ग में प्रथम दुर्ग, द्वितीय रायपुर, तृतीय बस्तर की टीम रही।

### बेसबाल 17 वर्ष में बिलासपुर प्रथम

बेसबॉल 17 वर्ष बालक वर्ग में प्रथम बिलासपुर, द्वितीय बस्तर, तृतीय दुर्ग एवं बेसबॉल 17 वर्ष बालिका वर्ग में प्रथम बिलासपुर, द्वितीय बस्तर, तृतीय दुर्ग की टीम रही। हॉकी 19 वर्ष बालक वर्ग में प्रथम दुर्ग, द्वितीय रायपुर, तृतीय सरगुजा एवं हॉकी 19 वर्ष बालिका वर्ग में प्रथम दुर्ग, द्वितीय बिलासपुर, तृतीय सरगुजा की टीम रही।

### वाटर पोलो में भी बिलासपुर प्रथम

वाटर पोलो बालक 19 वर्ष प्रथम बिलासपुर, द्वितीय दुर्ग, तृतीय सरगुजा की टीम रही। तैराकी बालक 14 वर्ष प्रथम बिलासपुर, द्वितीय रायपुर, तृतीय दुर्ग एवं तैराकी 14 वर्ष बालिका वर्ग में प्रथम बिलासपुर, द्वितीय रायपुर, तृतीय दुर्ग तथा तैराकी बालक 17 वर्ष प्रथम रायपुर, द्वितीय बिलासपुर, तृतीय दुर्ग की टीम रही। तैराकी 17 वर्ष बालिका वर्ग में प्रथम बिलासपुर, द्वितीय रायपुर, तृतीय दुर्ग एवं तैराकी बालक 19 वर्ष प्रथम बिलासपुर, द्वितीय दुर्ग, तृतीय रायपुर तथा तैराकी 19 वर्ष बालिका वर्ग में प्रथम दुर्ग, द्वितीय रायपुर, तृतीय बिलासपुर की टीम रही।

## 18वीं किस्त जारी होने पर किसानों में हर्ष : कोमल

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने केंद्र में बैठी नरेंद्र मोदी सरकार की प्रशंसा करते कहा कि किसानों के हितार्थ योजनाओं के क्रियान्वयन में मोदी सरकार ने हर मोर्चे पर किसानों का साथ दिया है।

खाद की सब्सिडी हो या किसान सम्मान निधि सभी में मोदी सरकार लगातार अनवरत रूप से किसानों के हित में कार्य कर रही है। वर्तमान में मोदी सरकार ने 18वीं किस्त किसान सम्मान निधि में देश के लिए 9.4 करोड़ से अधिक कृषकों को 20000 करोड़ रुपए से अधिक की धनराशि सम्मान निधि के रूप में महाराष्ट्र से जारी की। जिससे किसानों में हर्ष व्याप्त है। सभी किसान मोदी सरकार से प्रसन्नचित हैं। श्री राजपूत ने कहा कि विपक्षी लोग यह कहा करते थे कि मोदी की किसानों के हित में सम्मान निधि की राशि चुनाव के बाद बंद हो जाएगी, यह चुनावी शिगूफा है, परंतु मोदी ने लगातार सम्मान निधि को जारी करते यह सिद्ध कर दिया कि पूरे विश्व में इतनी बड़ी संख्या में किसानों को अंश राशि देने का प्रतिमान मोदी ने बनाया है।

# सतत विद्युत उपभोक्ता सेवा बनाए रखना पहली प्राथमिकता : शैलेट

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के मानव संसाधन विभाग द्वारा 20 सितंबर को जारी स्थानांतरण आदेश के तहत शिरीष शैलेट ने राजनांदगांव क्षेत्र के मुख्य अभियंता के पद पर अपना पदभार ग्रहण कर लिया। इससे पूर्व राजनांदगांव क्षेत्र में मुख्य अभियंता के पद पर टीके मेश्राम कार्यरत थे। जिनका स्थानांतरण अंबिकापुर क्षेत्र में मुख्य अभियंता के पद पर हुआ है।

शहर के पारीनाला स्थित क्षेत्रीय प्रशासनिक भवन में मुख्य अभियंता का पदभार शिरीष शैलेट को टीके मेश्राम ने सौंपा। श्री शैलेट ने कंपनी द्वारा सौंपी गई जिम्मेदारी के प्रति



आभार व्यक्त करते कहा कि राजनांदगांव क्षेत्र अंतर्गत राजनांदगांव, खैरागढ़-छुईखदान-गंड़ई, मोहला-मानपुर-अं. चौकी एवं कबीरधाम जिले में विद्युत विकास की गति को आगे बढ़ाने में टीम वर्क के साथ सतत प्रयासरत रहेंगे। उन्होंने कहा कि चारों जिले में निर्बाध विद्युत व्यवस्था एवं उत्कृष्ठ उपभोक्ता सेवा को बनाए रखना उनकी पहली प्राथमिकता होगी।

इस दौरान कर्मचारियों ने नवपदस्थ मुख्य अभियंता शैलेट को शुभकामनाएं दी।

## दाऊ मंदराजी को दी पुण्यांजलि

**राजनांदगांव।** दाऊ दुलार सिंग मंदराजी की 40वीं पुण्यतिथि पर लोक कलाकारों ने उन्हें कृतज्ञतापूर्वक याद करते कबीर भजन के माध्यम से सांगीतिक पुण्यांजलि



अर्पित की। इस अवसर पर सुप्रसिद्ध कबीर भजन गायन पद्मश्री भारती बंधु ने एक से एक भजनों की प्रस्तुति देकर दाऊ मंदराजी को श्रद्धापूरित पुण्यांजलि दी। कन्हारपुरी में आयोजित कार्यक्रम में पूर्व सांसद मधुसूदन यादव ने पद्मश्री भारती बंधु, साहित्यकार आत्माराम कोशा समेत महादेव हिरवानी, विष्णु कश्यप, चतुर सिंह, छन्नू, प्रेम साव, ओमप्रकाश साहू, मानसिंह, पवन यादव, रौशन साहू, किशोर साहू, नीलम, डोहरू साहू आदि के साथ दाऊ मंदराजी के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। आभार प्रदर्शन मानसिंह ठाकुर ने किया।



चेहरे की चर्बी घटायें
चेहरे की झुर्रियां व चर्बी का वेजर द्वारा ईलाज
छ.ग.शासन से मान्यता प्राप्त
कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay 9827144371


# साकेत साहित्य परिषद सुरगी का रजत जयंती समारोह 20 को

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

साकेत साहित्य परिषद सुरगी द्वारा आगामी 20 अक्टूबर को सुरगी में रजत जयंती समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में तीसरी तैयारी बैठक परिषद के अध्यक्ष ओमप्रकाश साहू और वरिष्ठ सदस्य फकीर प्रसाद साहू के संयोजन में साकेत साहित्य भवन में आयोजित किया गया।

बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार कुबेर सिंह साहू ने की। विशिष्ट अतिथि जीवनलाल साहू अध्यक्ष मंडल साहू संघ मुड़पार (सुरगी) शामिल थे। संस्था अध्यक्ष ओमप्रकाश साहू, संरक्षक कुबेर सिंह साहू, पूर्व अध्यक्ष लखनलाल साहू, कोषाध्यक्ष सचिन निषाद ने रजत जयंती के संबंध में संस्था द्वारा अब



तक किए गए विभिन्न पहल के बारे में सदस्यों को जानकारी दी। रजत जयंती स्मारिका के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। सम्मान समारोह के अतिथियों का चयन आगामी बैठक में किया जाएगा।

समारोह को सुचारू रूप से संचालित करने विभिन्न समितियों का गठन कर पदाधिकारियों और सदस्यों को दायित्व सौंपा गया है। बैठक में साकेत के मासिक गोष्ठी में सक्रियता के चलते कवि युनुस अजनबी गैंदाटोला, छुरिया और गीतकार अमृत दास साहू,कलकसा डोंगरगढ़ को साकेत की सदस्यता प्रदान की गई। बैठक में कुबेर सिंह साहू, ओमप्रकाश साहू, लखनलाल साहू, वीरेन्द्र कुमार तिवारी, महेन्द्र कुमार बघेल, फागूदास कोसले, सचिन निषाद, राजकुमार चौधरी, शंतूराम गंजीर, फकीर प्रसाद साहू, कुलेश्वर दास साहू, अमृतदास साहू, मदन मंडावी, पवन यादव, डोहरदास साहू उपस्थित थे।

# कपड़े की थैली उपयोग का संकल्प

- मंदिर परिसर को पॉलिथीन मुक्त बनाने का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

संस्कारधानी की पर्यावरण संरक्षण गतिविधि राजनांदगांव के पर्यावरण रक्षक जिला संयोजक मयंक शर्मा, सहसंयोजक सूरज गुप्ता, शहर प्रमुख निकुंज सिंघल व जिला एनजीओ प्रमुख सौरभ खंडेलवाल ने बताया कि पर्यावरण बचाने मां बम्लेश्वरी देवी मंदिर परिसर को पॉलिथीन मुक्त एस-2 अच्छा युक्त, पेड़ लगाए, संरक्षण करें, जल बचाए कल बचाएं का संकल्प लेकर पर्यावरण रक्षक दल ने मां बम्लेश्वरी मंदिर समिति के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, ट्रस्टी अजय सिंह ठाकुर, चंद्रकांत शर्मा मुख्य नगर पालिका अधिकारी से सौजन्य भेंट कर विस्तार से चर्चा की।



डोंगरगढ़ मंदिर समिति अध्यक्ष मनोज अग्रवाल ने मां बम्लेश्वरी देवी मंदिर परिसर को पॉलिथीन मुक्त, पेड़ लगाए, संरक्षण करें, जल बचाए, कल बचाएं से जुड़कर स्वयं पर्यावरण रक्षक के रूप में सहभागी बनकर डोंगरगढ़ आने वाले भक्तों एवं नागरिकों से अनुरोध करते मंदिर परिसर में पॉलिथीन नहीं लाने एवं कपड़े के थैली का उपयोग करने का अनुरोध किया। उक्त जानकारी पर्यावरण संरक्षण गतिविधि के मनीष यादव ने दी।


online Booking:-www.tripuryatra.com

स्लीपर मात्र 8,500/-
सुनहरा अवसर
रायपुर, उसलापुर, शहडोल से होकर
स्पेशल ट्रेन
14 अक्टूबर से 20 अक्टूबर 2024 तक, 23 दिसंबर से 29 दिसंबर 2024, 02 मई से 08 मई 2025
द्वारकाधीश धाम यात्रा
श्री द्वारकाधीश, श्री द्वारकाभेट, श्री सोमनाथ, श्री नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, उज्जैन (श्री महाकालेश्वर)
ऑफर राशि : स्लीपर 8,500/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी 21,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D-36 Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza Power House Road
संपर्क करें:-73544-11411


# बागनदी-डोंगरगढ़ का रास्ता ब्लॉक, एनएच में लग रहा जाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नवरात्र के अवसर पर देवी मंदिरों में दर्शन को लेकर लोगों में जर्बदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। खासकर डोंगरगढ़ स्थित मां बम्लेश्वरी मंदिर जाने वालों की संख्या अधिक है। आलम यह है कि दिन के साथ रात को भी हजारों की संख्या में दो पहिया व चार पहिया वाहनों के जरिये लोग डोंगरगढ़ पहुंच रहे हैं। दुर्ग, भिलाई-रायपुर के अलावा महाराष्ट्र और मध्यप्रदेश से भी लोग दर्शन के लिए आ रहे हैं। ऐसे में नेश्नल हाईवे से लेकर बम्लेश्वरी रूट पर आने वाले गांव में भी ट्रेफिक जाम होने लगा है।

स्थिति यह रही कि शनिवार रात को लाखों श्रद्धालुओं के आने से रविवार सुबह जाम की स्थिति रही। बताया गया कि बागनदी से डोंगरगढ़ जाने वाला रास्ता लगभग पांच घंटे तक ब्लॉक रहा। इसके अलावा राजनांदगांव



से तुमड़ीबोड़ होते हुए डोंगरगढ़ जाने वाले मार्ग में भी काफी ट्रेफिक रहा। वहीं राजनांदगांव से लिटिया, सुकुलदैहान होते हुए जाने वाले मार्ग में पदयात्रियों की भारी भीड़ देखने को मिली। हालत यह है कि भारी भीड़ को देखते प्रशासन को भक्तों से अपील करनी पड़ गई। उल्लेखनीय है कि हर साल नवरात्र पर डोंगरगढ़ स्थित मां बम्लेश्वरी के मंदिर में भक्तों की कतार लगती है, लेकिन इस बार संख्या अधिक नजर आ रही है। एक अनुमानित आंकड़े के अनुसार शनिवार को लगभग ढाई लाख लोग डोंगरगढ़ पहुंचे हुए थे। यही कारण था कि डोंगरगढ़ शहर में बनाई गई लगभग पार्किंग भी हाउसफुल रही।

### हर एक किमी पर जाम

तुमड़ीबोड़ से बोदेला, डुंडेरा और मुरमुंदा होते हुए बम्लेश्वरी पहुंचने वाले रास्ते में शनिवार रात यह हालात रहे कि हर एक किमी पर जाम की स्थिति निर्मित होती रही। बम्लेश्वरी जाने वालों के साथ ही दर्शन कर लौट रहे लोगों की संख्या भी बेहद थी। ऐसे में रात करीबन 10 बजे से जो जाम की स्थिति निर्मित होना शुरू हुई, वह सुबह 7 बजे तक बनी रही। लोगों को 20 किमी का सफर पूरा करने में ही डेढ़ से दो घंटे का समय लग रहा था।

### बाकी मंदिरों में भी भीड़

नवरात्र के कारण मां बम्लेश्वरी मंदिर के साथ ही बाकी माता देवालयों में भी काफी भीड़ देखने को मिल रही है। पाताल भैरवी मंदिर में दिन के साथ ही रात को भी बड़ी संख्या में भक्त पहुंच रहे हैं। इसके अलावा करेला भवानी मंदिर में भी दर्शन करने के लिए लोग पहुंच रहे हैं।


आवश्यकता है
हरिभूमि छत्तीसगढ़ का नंबर 1 अखबार
हरिभूमि समाचार पत्र को सर्वे कार्य हेतु 10 युवकों की आवश्यकता है, जिसके पास स्वयं का वाहन हो, इच्छुक व्यक्ति संपूर्ण बायोडाटा के साथ तुरंत संपर्क करें।
योग्यता : 10वीं, 12वीं, स्नातक
वेतन 10,000+
बाहर के अभ्यर्थियों के लिए आवास की सुविधा
Resume Whatsapp करें
8319268069, 7489534456
हरिभूमि
ब्यूरो कार्यालय, दुर्गा चौक, राजनांदगांव

नवरात्रि विशेष




### पंचमीः स्कंदमाता

देवी मां का पांचवा स्वरूप स्कंदमाता का है। स्कंदमाता को ही महेश्वरी, गौरी और पार्वती कहते हैं। भगवान स्कंदजी बालरूप में इन्हीं के गोद में विराजते हैं। सौभाग्य की देवी स्कंदमाता असुरों का दमन करने वाली और परम वैभवशाली है। सूर्यमंडल की अधिष्ठात्री देवी होने के कारण इनका उपासक अलौकिक तेज और कांति से संपन्न हो जाता है। कथा है कि एक बार असुर तारकासुर ने घोर तपस्या करके ब्रह्माजी से अक्षत जीवन का वर ले लिया था। बह्माजी ने वरदान तो दे दिया, पर कहा कि आना-जाना तो इस सृष्टि का नियम है। इससे कोई नहीं बच सकता। इस पर धूर्त तारकासुर ने वर मांगा कि उनकी मौत हो तो सिर्फ शिवजी के पुत्र के हाथों। बह्माजी ने भी तथास्तु कह दिया। अब तारकासुर निरंकुश हो गया। उसने सोचा न तो शिव कभी विवाह करेंगे और उसकी मौत होगी। तारकासुर ने ऐसा उत्पात मचाया कि सारा संसार त्राहि-त्राहि कर उठा। देवगण शिवजी की शरण में पहुंचे और सार व्यथा-कथा कह सुनाई। उनके काफी अनुनय-विनय सदाशिव ने साकार रूप धारण कर पार्वतीजी से विवाह रचाया। कालांतर में शिव-पार्वती कार्तिकेय या स्कंदकुमार ने तारकासुर को यमलोक पहुंचाया। स्कंदमाता के स्वरूप के साथ ही माता और पुत्र संबंध की नींव पड़ी। पांचवे नवरात्र को इन्हीं स्कंदमाता की पूजा होती है। शास्त्रों में पांचवे नवरात्रि को पुष्कल का महत्व बताया गया है। स्कंदमाता की चार भुजाएं हैं। इनका वर्ण शुभ्र है। स्कंदमाता की आराधना के समय साधक मन विशुद्ध चक्र में अवस्थित रहता है। स्कंदमाता की पूजा करने वाले भक्तों का मन सांसारिक मोहमाया की आरधना का मंत्र है-

नित्यं पद्माश्रितकरद्वया।
शुभ्रदास्तु सदा देवी स्कंदमाता यशस्विनी।।

### बम्लेश्वरी मंदिर में दम घुटने से एक महिला की मौत, कई बेहोश

# दो लाख श्रद्धालुओं के पहुंचने से मची अफरा तफरी, एनएच भी घंटों जाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

नवरात्र के अवसर पर हर साल मां बम्लेश्वरी के मंदिर में लाखो की संख्या में श्रद्धालु पहुंचते है। इस बार भी मंदिर ट्रस्ट एवं प्रशासन ने रोजाना एक से डेढ़ लाख लोगो के आने की उम्मीद को देखते हुए व्यवस्था बनाई थी लेकिन शनिवार को अचानक दो लाख से अधिक लोग दर्शन के लिए पहुंच गए। कुछ घंटो के भीतर इतनी बड़ी संख्या में पहुंची श्रद्धालुओ की भीड़ को कंट्रोल करना सभी के लिए चुनौतीपूर्ण काम हो गया। यहीं कारण रहा कि शनिवार को भी भीड़ बढ़ने से ही भगदड़ की स्थिति निर्मित हुई।

इस भगदड़ में एक महिला की दम घुटने से मौत हो गई है। इसके अलावा आधा दर्जन लोग बेहोश भी हुए, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। बताया गया कि शनिवार की रात करीबन दो लाख लोग डोंगरगढ़ पहुंचे थे। मिली जानकारी के अनुसार धमतरी जिले में रहने वाली 35 वर्षीय महिला सोनिया साहू अपने परिवार के साथ दर्शन करने के लिए शनिवार रात को बम्लेश्वरी मंदिर पहुंची हुई थी। शनिवार देर रात करीब दो से ढाई बजे के बीच उपर मंदिर के ठीक नीचे स्थित ट्रस्ट के पुराने कार्यालय के समीप लगे बेरिकेट के पास भीड़ बढ़ने के कारण दर्शनार्थियों को क्षीरपानी मार्ग से दर्शन के लिए सीढ़ियों से छोड़ा जा रहा था। इसी दौरान देर रात उपर मंदिर कार्यालय के आसपास बेरिकेट को खोले जाने के वक्त अचानक भगदड़ मच गई। जिसमें धमतरी की सोनल साहू 32 साल की भीड़ में दबने के कारण पसली टूट गई और दम घुटने से मौके पर उसकी मौत हो गई। उक्त घटना में उसकी 8 साल की बच्ची रितेश्वरी साहू को भी चोंट आई है। मृतक का पोस्टमार्टम करने के बाद शव को उसके पति मदन साहू के सुपुर्द कर दिया।



### दम घुटने से दर्जनों परेशान

बताया जा रहा है कि इसके अलावा भी मंदिर क्षीरपानी घटनास्थल के पास लगे स्वास्थ्य कैम्प में अनेक लोगों का इलाज कराया गया। मामूली रूप से चोंटग्रस्त लोगों को मौके के अलावा अस्पताल से प्राथमिक उपचार कर छुट्टी भी दे दी गई। सर्वाधिक रूप से भूखे-प्यासे लाइन में लगे लोगों के बीपी लो व कमजोरी के कारण चक्कर आना भी बताया जा रहा है, जिन्हें भी प्राथमिक उपचार के बाद छोड़ दिया गया।

### पंचमी तक रहेगी भक्तों की भीड़

दिनभर चिलचिलाती धूप के बीच उमड़ रहा आस्था का सैलाब और मां बम्लेश्वरी के दर्शनार्थियों की भीड़ ने ड्यूटी में तैनात सुरक्षा कर्मियों के पसीने छुड़ा दिए। पंचमी के पूर्व चतुर्थी को शनिवार को देर रात अचानक बढ़ी भीड़ ने फिर एक बार मां बम्लेश्वरी की आस्था को लेकर लोगों के बढ़ते विश्वास से जोड़ा है। बताया जा रहा है कि शनिवार की शाम से रविवार की सुबह 10 बजे तक उपर मंदिर एवं नीचे मंदिर में ढाई लाख दर्शनार्थियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर माताजी का आशीर्वाद लिया। माना जा रहा है कि आज रविवार पंचमी के रोज भी शाम से देर रात लगभग डेढ़ लाख दर्शनार्थी माता के दरबार पहुंचेंगे।



### एक को बिच्छु ने काटा

इस घटना को लेकर मुख्यालय अस्पताल की प्रभारी डॉ. बीपी एक्का ने बताया कि धमतरी की महिला की मौत के अलावा किसी व्यक्ति को गंभीर रूप से चोंट नहीं आई है। दर्शन के दौरान रायपुर से आए प्रकाश दुबे को बिच्छु काटने के बाद शासकीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। जिसका ईलाज जारी है और वह खतरे से बाहर है।

### कलेक्टर ने की अपील

कलेक्टर संजय अग्रवाल ने श्रद्धालुओं एवं भक्तजनों से आग्रह किया है कि उपवास, पैदल चलने एवं भीड़ के कारण घबराहट और बेचैनी हो सकती है। श्रद्धालु दर्शन के लिए जल्दबाजी नहीं करें, जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन का सहयोग करें, बुजुर्ग, बच्चों, माताओं एवं दिव्यांगजनों को दिक्कत हो सकती है, उनका ध्यान रखते सभी अपनी बारी आने पर दर्शन करें। भीड़ की अधिकता को देखते उन्होंने श्रद्धालुओं से यह अपील की है कि भीड़ में बुजुर्ग, बच्चों, माताओं एवं दिव्यांगजनों को पहले जाने का अवसर दें और भीड़ अधिक होने के कारण व्यवस्था बनाए रखने में सभी सहयोग करें।

# पंचमी पर भी संशय! दो दिन होगा विशेष श्रृंगार

### जस गीतों से हो रही मां की सेवा



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

क्वांर नवरात्रि पर्व पर श्रद्धाभक्ति की बयार है। मंदिर सहित पूजा पंडालों में देवी मां की विधि-विधान से पूजा-अर्चना के साथ ही जस गीतों से माता की सेवा की जा रही है। धार्मिक कार्यक्रमों के अलावा सांस्कृतिक आयोजनों की भी धूम है। पंचमी पर मंदिर सहित पूजा पंडालों में माता का विशेष श्रृंगार किए जाने की तैयारियां है। सुबह से देर शाम तक भक्तों का मंदिरों एवं पूजा पंडालों में बड़ी संख्या में उपस्थिति बन रही है।

शक्ति की देवी मां दुर्गा की उपासना का पर्व क्वांर नवरात्रि पर अंचल में श्रद्धा भक्ति का माहौल है। इस अवसर पर देवी मंदिरों में आस्था के जोत कलश प्रज्जवलित किए गए हैं। वहीं कुछ पूजा पंडालों में भी जोत जंवारा स्थापित की गई है, जहां विधि-विधान से भक्तों द्वारा पूजा-अर्चना की जा रही है।

**धार्मिक आयोजनों की श्रृंखला**

ज्ञात हो कि क्वांर नवरात्रि पर्व पर जिले के प्रसिद्ध मंदिर मां बम्लेश्वरी डोंगरगढ़ सहित शहर के मां शीतला मंदिर, कालीमाई मंदिर, दुर्गा मंदिर, पाताल भैरवी मंदिर, भानेश्वरी मंदिर सहित अन्य मंदिरों में ज्योत जंवारा स्थापित की गई है। वहीं जिले के ग्रामीण इलाकों से लेकर शहर के विभिन्न स्थानों पर देवी मां की प्रतिमा स्थापित कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की जा रही है। कुछ पूजा पंडालों में भी जोत जंवारा स्थापित किए गए हैं। मंदिर एवं पूजा पंडालों में नियमित रूप से धार्मिक आयोजनों की श्रृंखला बनी हुई है।

**शाम होते ही जस गीतों की गूंज** : शाम होते ही जस गीतों की गूंज से भक्तिमय माहौल बना हुआ है। सुबह से लेकर देर शाम तक लोग सपिरवार मंदिर सहित पूजा पंडालों में माता के दर्शन एवं पूजा-अर्चना के लिए पहुंच रहे हैं। जस गीतों के साथ ही विविध धार्मिक व सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत शहर के गंज मंडी, ममता नगर, सोनारपारा में बीती शाम धार्मिक भजनों का कार्यक्रम आयोजित किया। इसके अलावा पूजा पंडालों के समक्ष पारंपरिक गरबा इत्यादी के भी कार्यक्रम किए जा रहे।

**दो दिन मनाएंगे पंचमी**

बताया गया कि पंचमी भी दो दिन पड़ रहा है। जिसके चलते सोमवार एवं मंगलवार को पंचमी पर माता का विशेष श्रृंगार किया जाएगा एवं विधि-विधान से पूजा-अर्चना की जाएगी। शीतला मंदिर पुजारी राज महराज ने बताया कि पंचमी पर्व मंगलवार को मनाया जाएगा। वहीं मां पाताल भैरवी मंदिर के सचिव गणेश प्रसाद शर्मा गन्नू ने बताया कि पंचमी पर्व कल सोमवार को विधि-विधान से मंदिर में मनाया जाएगा।

## अवैध रूप से शराब बिक्री, 1 गिरफ्तार

**राजनांदगांव।** अवैध रूप से शराब बिक्री करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। वहीं एक के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार चिखली पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत 5 अक्टूबर को पुलिस ने मुखबीर की सूचना पर मोतीपुर स्कूल मैदान के पीछे अवैध शराब बिक्री कर रहे आरोपी धनेश भीमरे 38 साल साकिन मोतीपुर को पकड़ा। आरोपी के कब्जे से 19 पौवा गोल्डन गोवा अंग्रेजी शराब व बिक्री रकम 270 रुपए जब्त किया गया। आरोपी के विरूद्ध धारा 34(1) आबकारी एक्ट के तहत वैधानिक कार्रवाई किया गया। पुलिस के अनुसार अनावेदक तरनदीप सिंग शराब के नशे में मालवाहन चालक और आने-जाने वाले लोगों को गाली-गलौज कर वाद-विवाद कर अशांति फैला रहा है कि सूचना पर मौके पर राहगीरों और पुलिस द्वारा समझाने व आक्रोशित होने लगा। संज्ञेय अपराध की आशंका पर तरनदीप सिंग 25 साल साकिन गौरीनगर को धारा 170, 126, 135(3) बीएनएसएस के तहत विधिवत गिरफ्तार कर माननीय कार्यपालिक मजिस्ट्रेट के न्यायालय में पेश कर आदेशानुसार जेल भेजा गया।

# ट्रक और पिकअप सहित अवैध कबाड़ जब्त, चार पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

धरपकड़ अभियान के तहत पुलिस ने एक ट्रक एवं पिकअप वाहन से कबाड़ी सामान बरामद कर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार खैरागढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत 6 अक्टूबर को पुलिस को पेट्रोलिंग के दौरान मुखबीर से सूचना प्राप्त हुआ कि एक बारह चक्का ट्रक एवं एक 407 पिकअप में लोहे का टिन, तार आदि कबाड़ी सामान भरा हुआ है, जो जालबांधा, दुर्ग एवं बाजार अतरिया की ओर जा रहा है।

### पुलिस ने नाकाबंदी कर पकड़ा

जिसकी सूचना पर थाना प्रभारी खैरागढ़ जितेन्द्र बंजारे के नेतृत्व में थाना खैरागढ़ से अलग-अलग दो टीम बनाकर बीबीसी पेट्रोल पंप एवं इतवारी बाजार तिराहा के पास नाकाबंदी कर आते एक बारह चक्का ट्रक एवं बीबीसी पेट्रोल पंप के पास अमलीपारा में एक 407 पिकअप को रोका गया। उक्त वाहनों को चेक करने पर ट्रक में कबाड़ सामग्री साइकिल, ड्रम, लोहे की रॉड, तेल टीना एवं अन्य कबाड़ सामान भरा हुआ मिला। इस संबंध में ट्रक ड्राईवर श्यामकांत पांडेय एवं हेल्फर हीरासिंह मार्कण्डेय से पूछताछ करने पर कबाड़ सामान के संबंध में कोई वैद्य कागजात नहीं होना बताए। कबाड़ी सामान को वजन कराने पर 4920 किलोग्राम कीमत 70000 रुपए एवं 407 पिकअप में 5030 किलोग्राम कबाड़ी लोहा सामान कीमत 90000 रुपए का भरा मिला। जिसके ड्राईवर साबिर मेमन एवं हेल्फर



जयप्रकाश सिंह को कबाड़ी सामान का कागजात पेश करने कहा गया, जिस पर कोई वैध कागजात नहीं होना बताए। अवैध रूप से बिना कागजात कबाड़ सामान परिवहन करते पाए जाने पर दोनों वाहनों के कबाड़ी सामान चोरी के सामान होने की संदेह पर दोनों वाहन ट्रक और पिकअप सहित कबाड़ी समान कुल वजनी 9950 किलोग्राम कीमती कुल 1,60000 रुपए को मौके पर धारा 35(1) (ई) भा.ना.सु.सं/ 303(2), 3(5) भा.न्या.सं. के तहत जब्त किया गया।

### चार के खिलाफ कार्रवाई

पुलिस के अनुसार अनावेदक श्यामकांत पांडेय उम्र 62 साल निवासी कृष्णा नगर नागपुर, हीरासिंह मारकंडे 34 साल निवासी जुरलाखुर्द, साबिर मेमन 29 साल निवासी दाऊचौरा खैरागढ़ एवं जयप्रकाश सिंह 55 साल निवासी पारडी नागपुर के विरूद्ध इस्त. क्रमांक 13/2024, 14/2024 धारा 35 (1) (ई) भा.ना.सु.सं./ 303 (2), 3(5) भा.न्या.सं. तैयार कर जांच में लिया गया एवं जब्तशुदा सम्पत्तियों के स्वामियों का पता तलाश किया जा रहा है।

# शराब का परिवहन करते 3 पकड़ाए, 390 पौवा जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

धरपकड़ अभियान के तहत डोंगरगांव पुलिस ने सरस्वती शिशु मंदिर के पास घेराबंदी कर आरोपियों के पास से 390 पौवा देशी प्लेन शराब बरामद कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार थाना डोंगरगांव पुलिस ने मुखबीर की सूचना पर रेड कार्रवाई के दौरान आरोपियों के पास से सफेद रंग के तीन बोरियों मे कुल 390 नग पौवा देशी प्लेन शराब युनिक बरामद किया। वहीं दो नग मोटर साइकिल पल्सर, एक नग धारदार चाकू स्टील का बटनदार को जब्त किया। इस मामले में आरोपी दीपेश राजपूत 28 साल पता वार्ड नं. 8 करियाटोला,



शुभम गजभिये 24 साल पता वार्ड नं. 9 सेवतापारा, मयंक सोनटेके 24 साल सिनेमा लाईन डोंगरगांव को गिरफ्तार किया गया एवं एक विधि से संघर्षरत बालक के कब्जे से 1 नग धारदार चाकू स्टील को जब्त कर आरोपियों को ज्युडिशियल रिमांड पर पेश किया गया है। वहीं विधि से संघर्षरत बालक को माननीय किशोर न्याय बोर्ड में पेश किया गया है।

संजीवनी
नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
स्त्री रोग विभाग
उपलब्ध सुविधाएं...
+ सभी उच्च जोखिम वाले गर्भधारण का प्रबंधन
+ सुरक्षित और सफल गर्भावस्था देखभाल
+ सामान्य प्रसव/दर्द रहित प्रसव और सीजेरियन जन्म
+ लैप्रोस्कोपी और कैंसर सहित गाइन सर्जरी
+ बांझपन का उपचार, + हिस्ट्रोस्कोपी
+ स्त्री रोग संबंधी सभी विकारों का उपचार
+ चिकित्सा और शल्य चिकित्सा संबंधी विकार
OPD : 1 PM to 5.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365



## खबर संक्षेप

### पोलमी में पालक-शिक्षक मेगा बैठक संपन्न



**हरिभूमि कुई कुकदूर।** शासकीय प्राथमिक शाला पोलमी में पालक-शिक्षक मेगा बैठक आयोजित किया गया। जिसमें शिक्षक-पालक मेगा बैठक का उद्देश्य शिक्षक एवं पालकों के मध्य समन्वय, पालकों को उनके बच्चों के पढ़ाई में मदद हेतु समाधानात्मक कारक उपाय सुझाना तथा शासन द्वारा बच्चों को संचालित विभिन्न हितग्राही योजनाओं एवं शिक्षा गुणवत्ता उन्नयन हेतु राज्य में संचालित विभिन्न कार्यक्रमों से पालकों को अवगत कराया गया, मंच का सफल संचालन शिक्षक मनोहर घृतलहरे द्वारा किया गया। इस दौरान शैक्षिक समन्वयक अशोक पांडेय, प्रधान पाठक राजेंद्र नेताम, प्रधान पाठक भारत यादव, सरपंच प्रतिनिधि दिलीप बांधवे, उपसरपंच प्रतिनिधि रामनाथ करायत, शिक्षक घनश्याम कश्यप एवं अन्य शिक्षक गण सहित पालक गण उपस्थित थें।

### रामचंद्र साहू बने पंडरिया सहायक विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी

**हरिभूमि कोलेगांव।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुण्डा में पदस्थ व्याख्याता रामचन्द्र साहू को सहायक विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी नियुक्त किया गया।



श्री साहू बहुत ही सरल स्वभाव व कर्तव्य निष्ट कार्य करने के कारण पंडरिया का सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी का दायित्व सौंपे जाने पर समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं व आसपास क्षेत्र के पदाधिकारियों ने बधाई व शुभकामनाएं प्रेषित की। जिसमें प्राचार्य गुरुदीप सिंह मक्कड़, भागीरथी चंद्राकर, धरमराज साहू, लेखराज साहू, मालिकराम चन्द्रवंशी, बैजनाथ चंद्राकर, सुनील तिवारी, शत्रुहन चंद्राकर, कलीराम चंद्राकर, ललिता साहू, सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने बधाई दी।


# सुतियापाट की ऊंची पहाड़ी गुफा में विराजमान हिंगलाज माता, दर्शन के लिए उमड़ रही भीड़

- शारदीय नवरात्र में 674 मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित।

देवव्रत दुबे ⏭स/लोहारा

सहसपुर लोहारा विकासखण्ड के कर्रानाला बांध एवं सुतियापाट बांध के ऊपर मैकल पर्वत श्रृंखला पर ऊंची पहाड़ी पर माता हिंगलाज माई विराजमान हैं। सुतियापाट की पहाड़ी पर ज्योति प्रज्वलित करने की ऐसे हुई शुरुआत। सन 1981 में ग्राम केजेदाह के बिरबल वर्मा नामक व्यक्ति साधु वेषभूषा में भ्रमण करते रहते थे, वह ऊपर पहाड़ी सुतियापाट भी आया-जाया करते थे, जो कि जंगल की जड़ी बुटियों से लोगों का इलाज किया करते थे, देवी के प्रताप से लोग ठीक होने लगे। लोगों की बिमारी ठीक होने पर बाबा के द्वारा मां के नाम पर एक ज्योति कलश जलाने की मनोकामना रखने की बात कही जाती थी, यह सिलसिला चैत्र नवरात्रि सन 1981 से शुरू हुआ। ठीक होने पर लोग माता के नाम मनोकामना ज्योति जलवाने लगे। सुतियापाट की पहाड़ी पर प्रथम ज्योति कलश सन 1981 में प्रज्वलित किया गया था। समय बीतते गया सन 1998 में बिरबल बैगा का देहावसान हो जाने के बाद क्षेत्र के लोगों द्वारा सुतियापाट सेवा समिति के नाम पर एक समिति का गठन कर इस ज्योति को अनवरत जारी रखने के लिए प्रस्ताव रखा गया। समिति का अध्यक्ष ग्राम कुरुवा के संपन्न मालगुजार स्व लक्ष्मण प्रसाद दुबे एवं कोषाध्यक्ष गरीबाराम साहू बामी वाले को तथा लगभग 25 गांवों के अनेकों व्यक्तियों को समिति का स्थायी सदस्य बनाया गया, जिसके संरक्षक अविभाजित मध्यप्रदेश के खाद्य मंत्री दरबार सिंह ठाकुर राजनांदगांव वाले रहे। एक मनोकामना ज्योति कलश से सन 1981 से शुरू हुआ, शिलशिला आगे बढ़कर समिति की निगरानी में सन 1998-99 से मात्र 6 ज्योति कलश से प्रारंभ हुई थी, यह क्रम धीरे-धीरे बढ़ने लगा। आश्विन शारदीय नवरात्र 2024 में श्रद्धालुओं के द्वारा 674 मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित करवाए गए हैं। लोगों को ऊंचे पर्वत श्रृंखला में माता के विराजने की जानकारी होने लगी। वर्तमान समिति के लोगों ने द्वय पिठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी स्वरुपानन्द सरस्वती को उनकी तपोभूमि परमहंसी गंगा आश्रम मध्यप्रदेश जाकर सुतियापाट स्थान की जानकारी देते हुए, समस्त जानकारियों से अवगत कराया। तब गुरुदेव ने समस्त समिति के लोगों से कहा था कि हम जब भी कवर्धा आएंगे, सुतियापाट अवश्य जाएंगे एवं माता के स्वरुप का दर्शन करेंगे।

### मैकल पर्वत श्रृंखला गुफा के अंदर विराजमान हिंगलाज माई



गुफा की गहराई लगभग 100 मीटर से भी अधिक अंदर तक बताया जाता है। गुफा अंदर जाकर जलेबी की तरह हो जाती है, गुफा में अंदर जाने के लिए बैठकर, कहीं घिसटते हुए कहीं लेटकर और कहीं खड़े होकर भी जाया जाता था। अब आम लोगों का आवागमन इसमें बंद है। गुफा का एक रास्ता मंडीपखोल मध्यप्रदेश, दूसरा रास्ता मां बम्लेश्वरी डोंगरगढ़ एवं तीसरा भोरमदेव मंदिर के लिए बताया जाता है। सुतियापाट में पहाड़ी पर जवारा एवं ज्योति कलश आकर्षण का केंद्र रहता है। सुतियापाट समिति के अध्यक्ष बालूराम जंघेल ने बताया कि हिंगलाज माता के दर्शन के लिए प्रदेश के कई जिलों सहित समीपवर्ती मध्यप्रदेश के श्रद्धालु भी आते हैं। आश्विन शारदीय नवरात्र में 674 ज्योति प्रज्वलित किए गए हैं। मंदिर परिसर में भी भक्तों द्वारा दूर-दराज क्षेत्र से मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित किए जाते हैं। सुतियापाट की पहाड़ी पर दोनों पर्व में हजारों श्रद्धालु व भक्तजन जुटते हैं।

## मान्यता यह कि मां दंतेश्वरी आदि शक्ति मां दुर्गा का ही रूप है: आदित्य श्रीवास्तव

# दंतेश्वरी मंदिर में पांच पीढ़ियों से खप्पर निकालने की परम्परा

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

प्राचीनतम सिद्धपीठ मां दंतेश्वरी रियासत काल में राजा ही प्रमुख होते थे और प्रायः धर्म एवं संस्कृति उनकी मान्यताओं के प्रतिबिम्ब हुआ करते थे। कवर्धा में रियासत की स्थापना स्व महाबली सिंह के द्वारा सन 1751 में की गई उस समय ग्रामवासियों द्वारा ग्राम देवी के रूप में केवल माता देवाला या महामाई को पूजा जाता था, परन्तु रियासत की स्थापना के बाद राजपरिवार द्वारा कुल देवी मां दंतेश्वरी की स्थापना नगर की सीमा में की गई जबकि नगर मध्य में मां शीतला की स्थापना की गई उस समय वर्तमान जैन मंदिर के पास राजमहल हुआ करता था। मां दंतेश्वरी नाम की कथा पर जाएं तो इसकी मान्यता इस प्रकार है मां दंतेश्वरी आदि शक्ति मां दुर्गा का ही रूप है।

इतिहासकार आदित्य श्रीवास्तव द्वारा मिली जानकारी के अनुसार दक्ष यज्ञ के पश्चात सती ने जब देह त्याग किया था तब मोहग्रस्त भगवान शंकर उनके पार्थिव देह को लेकर घूम रहे थे तब विष्णुजी ने चक्र चलाकर उस पार्थिव शरीर को खंड-खंडकर दिए थे। सती के मुख से दांत महारण्य के इस पौराणिक क्षेत्र में गिरे थे और दंतेवाड़ा क्षेत्र में दंतेश्वरी देवी प्रकट हुई थीं। उन्ही के अंश स्वरूप मां दंतेश्वरी की मूर्ति यहां भी स्थापित की गई। प्रायः बस्तर, कांकेर, खैरागढ़ व कवर्धा रियासतों में मां के मंदिर मिलेंगे और इसीलिए इस मंदिर से भी खप्पर निकालने की परम्परा बनी हुई है।

इतिहासकार श्री श्रीवास्तव ने बताया कि दंतेश्वरी मंदिर के पुजारी स्व देवीसिंह 68 वर्षीय ने सन 2005 में वे 1969-70 से खप्पर धारण कर निकल रहे हैं। इनके पूर्व इनके दादा, परदादा पांच पीढ़ियों से खप्पर लेकर निकलते रहे हैं, जिनमें सबसे पहले स्व नेपाल सिंह उनके बाद सुपुत्र स्व बखारी सिंह उनके बाद सुपुत्र स्व उम्मेद सिंह उनके बाद सुपुत्र स्व झामसिंह और उनके बाद स्व देवीसिंह निकलते रहे हैं। उन्होने बताया कि स्व देवीसिंह कवर्धा में नौ शक्तिपीठ और 8 भैरव हैं जिन पर खप्पर भ्रमण के दौरान एक-एक नारियल चढ़ाते हैं लेकिन मां दंतेश्वरी में जोड़ा नारियल चढ़ाया जाता है क्योंकि इस मंदिर में एक अंतर्मुखी मां काली और एक दंतेश्वरी मां विराजमान हैं। इसीलिए भक्तजन इस मंदिर में जोड़ा नारियल चढ़ाते हैं। प्रारम्भ में मूल मंदिर में गर्भगृह प्रवेश द्वार के बायीं ओर के कमरे में विकराल प्रतिमा स्थापित है जहां हमेशा ताला बंद रहता है केवल पुजारी पूजा करने जाता है, कहा जाता है इसी कक्ष में नवरात्रि में बलि के लिए भैंसा छोड़ दिया जाता था और सुबह वह कक्ष खाली मिलता था। मां की मूर्ति की विकरालता को देखकर हर कोई सहन नही कर पाता था इसलिए वर्तमान गर्भगृह में बाद में मां दंतेश्वरी की सौम्य मूर्ति स्थापित की गई। गर्भ गृह के प्रवेश द्वार में एक ओर सरस्वती मां तथा दूसरी ओर सिंदूर वदन गणेश बने हुए हैं। मां के ठीक सामने प्रांगण में भैरव देव की काले पत्थर में बनी प्रतिमा स्थापित है। इसी प्रतिमा के सम्मुख देवीसिंह के कार्यकाल में पीतल की चतुर्भुजी शंकर की मूर्ति की स्थापना हुई। नीचे तल में पीतल की चतुर्भुजी महाकाली मुंडमाला धारण किए हुए बाएं ऊपर हाथ में त्रिशूल दाहिने हाथ में कटार नीचे दांए हाथ में खप्पर धारण की हैं। ठीक पीछे काले पत्थर में पूर्वमुखी चतुर्भुजी विकराल महाकाली कानों में कुंडल आंखे विस्तृत भयंकर रूप लिए स्थापित की गई है।

### भक्तजन व श्रद्धालुओं की उमड़ रही भीड़



स्व राजा धर्मराजसिंह के काल में प्रतिवर्ष के स्थान पर मां दंतेश्वरी मंदिर में 2 वर्ष के अन्तराल में तीसरे वर्ष ज्वांरा ज्योति जलाने की परम्परा प्रारम्भ हुई। 1974-75 से प्रतिवर्ष क्वांर नवरात्रि में ज्योति ज्वांरा की शुरुआत हुई। इस मंदिर में राजपूत क्षत्रीय पुजारी की परम्परा है, ब्राह्मण पुजारी रखने की नहीं, संभवतः इसके पीछे बलि प्रथा कारण रहा हो। मां दंतेश्वरी मंदिर में राज परिवार के प्रत्येक राजा दशहरा पर्व एवं नवरात्रि पर्व में दर्शन पूजन करने पैदल ही आया करते थे। आज भी इस वंश के योगेश्वरराज सिंह पर्वों में पूजन हेतु आते हैं। पाली मोहल्ले में स्थित मां दंतेश्वरी मंदिर की पूजा व्यवस्था में पुजारियों का सहयोग वर्षों से पाली समाज के लोग कर रहे हैं एवं खुद को धन्य समझ रहे हैं। आप भी मां दंतेश्वरी माता की दर्शन करने का सौभाग्य प्राप्त कर सकते हैं।

# स्वर्णा लेडीज ग्रुप का भव्य गरबा महोत्सव आज से प्रारंभ

- पंडरिया सहित आसपास क्षेत्र में भक्तिमय का माहौल।

हरिभूमि न्यूज ⏭पंडरिया

शक्ति के आराधना का महापर्व इस शारदीय नवरात्रि में फिर से एक बार पंडरिया नगर में स्वर्णा लेडीज ग्रुप की शानदार तीन दिवसीय भव्य गरबा का आयोजन 7 अक्टूबर को स्वामी आत्मानन्द हाई स्कूल मैदान में शाम 07 बजे मुख्य अतिथि पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा द्वारा कार्यक्रम का भव्य शुभारंभ किया जाएगा। वहीं इस गरबा महोत्व को लेकर नन्ही-मुन्ही बच्चियां, युवतियां व महिलाओं द्वारा अपार उत्साह का माहौल बना हुआ है। स्वर्णा लेडीज ग्रुप की उमा पाठक व मीनू छाबड़ा द्वारा जानकारी दिया गया कि पंडरिया नगर का गौरव इस ग्रुप द्वारा पिछले वर्ष चुनाव आचार संहिता के कारण गरबा का आयोजन नही हो पाया था, जिससे गत वर्ष पंडरिया का गरबा आयोजन अत्यंत फीका रहा था, वही इस बार जन-भावनाओं और लोगो की रुचि व मांग के अनुसार पंडरिया नगर का सबसे बड़ा गरबा आयोजन समस्त नगर व क्षेत्रवासियों के लिए शासन के निर्देशानुसार व तय मापदंड के अनुसार विगत एक माह से तैयारी प्रारम्भ कर दिया गया। रश्मि श्रीवास्तव, छाया ठाकुर व स्मृति द्विवेदी ने बताया कि इस आयोजन में सिर्फ महिला प्रतिभागी ही शामिल हो रहीं हैं, पुरुष प्रतिभागी पूर्णतः प्रतिबंधित हैं। जिसके लिए 07 से 09 अक्टूबर तीन दिवसीय स्वर्णा लेड़ीज ग्रुप की गरबा महोत्सव में जनप्रतिनिधी, संगठन प्रमुख, समाज प्रमुख, समाजसेवी, व्यापारीगण, पत्रकार आदि के साथ-साथ सम्मानीय विधायक व सांसद की बतौर मुख्य अतिथि इस कार्यक्रम व मंच की शोभा बढ़ाकर हमारे ग्रुप का हौसला बढ़ाएंगे। स्वर्णा लेडीज ग्रुप द्वारा नगरवासियों सहित समस्त क्षेत्रवासियों को इस विशाल गरबा महोत्सव में शामिल को कार्यक्रम को सफल बनाने अपील की गई।

# कुण्डा में संगीतमय श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ कथा का आयोजन 8 से





**हरिभूमि कुण्डा।** ग्राम कुण्डा में प्राचीन मां महामाया मंदिर में विराजित आदिशक्ति देवी मां महामाया के पुजारी नूतन शर्मा के निज निवास पर नौ दिवसीय संगीतमय श्रीमद्भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ कथा का आयोजन 8 से 16 अक्टूबर आयोजित किया जाएगा। स्व पं विजय शर्मा पौराणिक के वार्षिक श्राद्ध एवं स्व सुंदर लाल शर्मा, स्व भागा देवी शर्मा भागवत भास्कर स्व पं गोवर्धन प्रसाद शर्मा, स्व पं हनुमछरण पाठक व स्व नम्रता शर्मा के स्मृति में धर्मपत्नी उर्वशी शर्मा, पुत्र नूतन शर्मा एवं शर्मा परिवार द्वारा जगमल चौक ब्राम्हण पारा ग्राम कुण्डा में संगीतमय नौ दिवसीय संगीतमय सप्ताहिक श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ कथा का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें कथा के परीक्षित महराज पं नूतन शर्मा, कथा व्यास मलकू पीठाधीश्वर के कृपा पात्र शिष्य पं अंकित शर्मा, पुजारी श्रीराम जानकी मंदिर झलमला परायणाचार्य, पं शुभम शर्मा, लघान पंडरिया मंच संचालन पं निलभद्र शर्मा कथा द्वारा किया जाएगा साथ ही साथ कुण्डा सहित आसपास के क्षेत्रवासियों को दोपहर 02 बजे से हरि इच्छा तक कथा रसपान कराया जाएगा। जिसमें 8 अक्टूबर को वेदिका स्थापन, देवपुजन व श्रीमद्भागवतमाहत्म्य, 9 अक्टूबर कथा आरंभ सृष्टिक्रम बराहावतार, 10 अक्टूबर कपिलापाख्यान, माता सती कथा तथा भक्त ध्रुव का चरित्र, 11 अक्टूबर राजर्षीप्रवर भरत एव भक्त प्रह्लाद का उपाख्यान, 12 अक्टूबर गजेंद्र मोक्ष समुंद्रमंथन रामावतार, कृष्णावतार, 13 अक्टूबर बाललीला, गोवर्धन पूजा कंस वध, रूखमणी विवाह, 14 अक्टूबर भगवान के अन्यान्य विवाहों के प्रसंग शम्बरनरकादी दैत्यों का वध, सुदामा चरित्र व 15 अक्टूबर वेदस्तुति उद्धवगिता, परीक्षित मोक्ष, चढ़ोत्तरी तथा 16 अक्टूबर गीता-तुलसी वर्षा यज्ञांत स्नान, विसर्जन कर किया जाएगा।

# मेगा बैठक व न्योता भोज कार्यक्रम में शामिल हुए विकासखंड शिक्षा अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭कुई कुकदूर



पंडरिया विकासखंड अंतर्गत शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला पोलमी में पालक शिक्षक मेगा बैठक आयोजित किया गया। इस दौरान विकासखंड शिक्षा अधिकारी जीपी बनर्जी उपस्थित थें, उन्होंने कहा कि बैठक का उद्देश्य शिक्षक एवं पालकों के मध्य समन्वय, पालकों को उनके बच्चों के पढ़ाई में मदद हेतु समाधानात्मक कारक उपाय सुझाना तथा शासन द्वारा बच्चों को संचालित विभिन्न हितग्राही योजनाओं एवं शिक्षा गुणवत्ता उन्नयन हेतु राज्य में संचालित विभिन्न कार्यक्रमों से पालकों को अवगत कराना है।

इस बैठक न्योता भोजन का आयोजन प्रधान पाठक राजेंद्र नेताम, शैक्षिक समन्वयक अशोक पांडेय, शिक्षक महेश कुमार उइके, पूनमचंद ठाकुर, द्वारिका चंद्रवंशी, भृत्य सरवन कुरचाम द्वारा आयोजित किया गया। शिक्षक राकेश कुमार सोनी के द्वारा अपने जन्मदिवस के अवसर पर सभी विद्यार्थियों को फल वितरण किया गया। इस अवसर पर सरपंच प्रतिनिधि दिलिप बांधवे, धनीराम करायत, संतोष श्रीवास, नानुकलाल गढेवाल, परसादी मरावी, अंगद शिव सहित पालकगण उपस्थित थें।

# भगतपुर स्कूल में मेगा शिक्षक-पालक बैठक संपन्न



हरिभूमि न्यूज ⏭कोलेगांव

विकासखण्ड पंडरिया अंतर्गत शासकीय हाई स्कूल भगतपुर में शासन के निर्देशानुसार मेगा शिक्षक-पालक बैठक का आयोजन किया गया, जिससे संस्था के प्राचार्य रामकुमार कौशिक द्वारा त्रैमासिक परीक्षा, बच्चों की शैक्षिक विकास, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020, जाति, निवास, बनाने छात्रवृत्ति एवं अपार आईडी बनाने हेतु पालकों को विस्तार से जानकारी प्रदान किया गया। साथ ही साथ बच्चों का सर्वांगीण विकास तभी संभव है जब शिक्षक पालक दोनों साथ मिलकर काम करें।

सभी व्याख्याताओं ने अपने-अपने विषयों में प्रत्येक बच्चे की पालकों को उनके बच्चों के बारे में जानकारी प्रदान किया गया। इस बैठक में विशेष रूप से शाला विकास प्रबंधन समिति अध्यक्ष दिनेश चंद्रवंशी, सुरेश दुबे, तुलसी कामले, कृष्णा साहू, अशोक चंद्रवंशी, तुलसी घृतलहरे, रामखिलावन बंजारे, पंडाराम पात्रे, शिवकुमार बंजारे, रामाधार यादव, कपिल यादव, नारद साहू एवं संस्था प्राचार्य रामकुमार कौशिक, श्रीमती शकुन चंद्रवंशी व्याख्याता, जोधन प्रसाद चंद्रवंशी, शिक्षक-शिक्षिकाएं तथा पालक गण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## सांसद श्री पांडेय ने नामदेव समाज मंच के लिए 3 लाख की स्वीकृति दी

# संतोष पांडेय ने नामदेव महाराज मंदिर निर्माण का किया भूमि-पूजन



हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

नामदेव कल्याण समाज का जिला स्तरीय बैठक 5 अक्टूबर को नामदेव समाज के भवन में आयोजित की गई। जिसमे सांसद संतोष पाण्डेय ने सामाजिक भवन में मंदिर की नीव रखी व विधिवत पूजन में पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अनिल ठाकुर और समाज जिलाध्यक्ष अभिताभ नामदेव ने समाज के पदाधिकारियों के साथ सम्पन्न हुई। तत्पश्चात सांसद श्री पांडेय का भवन में स्वागत का क्रम चला स्वागत की कड़ी में जिलाध्यक्ष ने श्रीफल व शाल से सांसद संतोष पांडेय को भेट किया। उपाध्यक्ष चंदकुमार ने शाल व श्रीफल से अनिल ठाकुर पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा को भेंट किया साथ ही साथ नामदेव सामाजिक महिलाओं के द्वारा भजन-गीत गाकर महिला ग्रुप ने एक साथ पुष्प-गुच्छ से स्वागत किया।

जिला नामदेव कल्याण समाज ने मिलकर भगवान श्री रामलला की प्रतिमा संतोष पांडेय सांसद को भेट किए। सांसद श्री पांडेय ने कहा कि नामदेव समाज एक बहुत बड़े पहुंचे संतश्री का समाज है। हिंदू धर्म में आस्था रखने वालो में से ही एक शान्त और सरल समाज है। भगवान श्री विठ्ठल, श्रीकृष्ण को मानने वाले समाज है। जिसके बाद समाज के तरफ से कुछ मांगे रखी गई, प्रमुख मांग सामाजिक मंच के लिए 3 लाख की तत्काल स्वीकृति दी गई। वही समाज के अन्य मांगों को भी जल्द ही पूरा करवाने का आश्वासन दिया गया। वही दूसरी मांग कॉलेज के पास मंगल भवन के पास के चौक को संतश्री नामदेव चौक हेतु नामकरण हेतु कहा गया और जल्द ही इसकी प्रक्रिया को आगे करवाने में पूर्ण सहयोग की बात कही गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नामदेव कल्याण समाज का विकास और प्रगति की बात की साथ ही जिलाध्यक्ष अभिताभ नामदेव ने समाज की ओर सांसद का आभार व्यक्त किया। इस कार्यक्रम में नामदेव समाज के पदाधिकारी व कार्यकर्ता गण उपस्थित थें।

NX MODULAR KITCHEN Galaxy NX
/KitchenGalaxyNXModular
स्पॉट बुकिंग पर 2 ग्राम सोने का सिक्का फ्री
इस त्योहार बनाएं मॉड्यूलर किचन, आकर्षक ऑफर्स के साथ
Gift hamper up to 15000/-*
₹ 55,000 ₹ 95,000 ₹ 1,50,000
C-4, Sector-1, Devendra Nagar, Near City Center Mall, Raipur 9977115597, 8319076661

Health Town
K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वथ्य जीवन का राज)
वैद्य- डॉ. पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob: 9111922122, 9111912122, 0771-3558564
पता :- B-22, जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चेम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### सोनोग्राफी जांच एवं स्वास्थ्य शिविर आज से

**कवर्धा।** उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के निर्देश पर वनांचल क्षेत्र में गर्भवती महिलाओं के लिए निःशुल्क सोनोग्राफी जांच शिविर का आयोजन 07 अक्टूबर को तरेगांव जंगल, 08 अक्टूबर को रेंगाखार कला और 09 अक्टूबर को पिपरिया में किया जाएगा। रेंगाखार कला में निःशुल्क सोनोग्राफी जांच शिविर के साथ साथ रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया जाएगा । इस शिविर में स्त्री रोग विशेषज्ञ, शिशु, मेडिसिन, हड्डी, दंत रोग विशेषज्ञ और रेडियोलोजिस्ट उपलब्ध रहेंगे। यह शिविर गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण है और इसमें विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा सोनोग्राफी की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। सभी संबंधित महिलाएं इस अवसर का लाभ उठाएं।

### राज्य स्थापना दिवस पर प्रदर्शनी का आयोजन

**कवर्धा।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी कबीरधाम जिले में छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय में एक दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। 5 नवंबर को होने वाले इस कार्यक्रम में विभिन्न विकास विभाग की विभागीय प्रदर्शनी में उपलब्धि, महत्वपूर्ण योजना, सफल परियोजना को विशेष रूप से प्रदर्शित की जाएगी। शासकीय भवनो में 1 से 6 नवंबर तक रोशनी की जाएगी।

**हादसा:** ग्राम बचेड़ी के पास हादसा, दो की हालत गंभीर अस्पताल में भर्ती

# ग्रामीणों से भरी पिकअप वाहन हादसे का शिकार, दो दर्जन घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स.लोहारा

जिला प्रशासन की समय-समय पर की जाने वाली कार्यवाही और समझाईश के बाद भी वाहन चालकों तथा लोगों की लापरवाही थमने का नाम नहीं ले रही है। जिसके कारण लगातार सड़क हादसे सामने आ रहे हैं और लोग सड़क दुर्घटनाओं का शिकार होकर या तो अपनी जान गवां रहे है यां फिर अपने हांथ पैर तुड़वाकर गंभीर रूप से घायल हो रहे हैं। ऐसा ही एक हादसा रविवार की सुबह स. लोहारा थाना क्षेत्र के ग्राम बचेड़ी से सामने आया है। जहां ग्रामीणों से भरी एक माल वाहक तेज रफ्तार पिकअप अनियंत्रित होकर पलट गई। जिसमें करीब दो दर्जन लोग घायल बताए जा रहे हैं इन घायलों में दो की हालत गंभीर बनी हुई है। सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र स. लोहारा में भर्ती कराया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार की सुबह करीब 7.30 बजे एक मालवाहक पिकअप वाहन क्रमांक सीजी 09 जेपी 8312 जेपी में करीब 30 ग्रामीणों को भरकर स.लोहारा थाना क्षेत्र के ग्राम चचेड़ी के रास्ते होकर कहीं जा रही थी। इसी दौरान तेज रफ्तार पिकअप वाहन चालक की लापरवाही से चालक ने वाहन पर से अपना नियंत्रण खो दिया और वाहन सड़क किनारे पलट गई। हादसे के बाद मौके पर लोगों की चीख पुकार मच गई और घटना की सूचना तत्काल लोगों ने डॉयल 108 तथा डॉयल 112 को दी गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची रेस्क्यू टीम तथा पुलिस की मदद से सभी घायलों को एम्बुलेंस तथा डॉयल 112 की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तथा जिला अस्पताल पहुंचाया गया है। बताया जाता है कि इस हादसे में करीब 25 लोगों को चोटें आई है जिसमें दो की हालत गंभीर बताई जा रही है, इसके अलावा करीब 14 घायल और अस्पताल में भर्ती है शेष घायलों की मरहम पट्टी कर छुट्टी कर दी गई है। अभी तक इस मामले में आरोपी वाहन चालक के संबंध में पुलिसिया कार्यवाही की जानकारी नहीं मिल पाई है।





#### नहीं थम रही लापरवाही

यहां बताना लाजिमी होगा कि जिले में लगातार इस तरह के बढ़ते हादसों को देखते हुए प्रशासन द्वारा माल वाहक वाहनो का उपयोग सवारी ढोने तथा लोगों से भी माल वाहक वाहनो में यात्रा न करने की समझाई दी जा रही है साथ ही माल वाहक वाहनो का उपयोग सवारी ढोने के लिए करने वालों के खिलाफ कार्यवाही भी की जा रही है लेकिन बावजूद इसके न तो वाहन चालक इसे गंभीरता से ले रहे हैं और न ही लोग इस तरह की घटनाओं से कोई सबक ले रहे हैं।

#### ठोस कार्यवाही की जरूरत

माना जा रहा है कि ऐसे मामले में कोई ठोस कार्यवाही नहीं की जाती है। अक्सर देखा जाता है कि प्रशासन ऐसे किसी हादसे के सामने आने के बाद कुछ दिनो तक माल वाहक वाहनो में सवारी ढोने वालों के खिलाफ चलानी कार्यवाही करता है और फिर शांत बैठ जाता है। प्रशासन की इस मनमुताबिक कार्यवाही के चलते ही लापरवाही थमने का नाम नहीं ले रही है। बेहतर होगा कि ऐसी लापरवाही पर लगातार और बगैर मुंह देखी कार्यवाही जिले के सभी थाना क्षेत्रों में कड़ाई से होनी चाहिए। साथ ही मालवाहक वाहनो में सवारी ढोने वाले वाहनो को राजसात किया जाना चाहिए।

# शिवप्रसाद तथा रघुनाथ साहू की मौत के संबंध में लोगों द्वारा पेश नहीं किए गए कोई साक्ष्य

- मृतकों के परिजन भी नहीं आए साक्ष्य व जानकारी देने

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

जिले के रेंगाखार जंगल थाना क्षेत्र के ग्राम लोहारीडीह में 15 सितंबर 2024 को स्थानीय निवासी शिवप्रसाद साहू की मृत्यु उपरांत घटित आगजनी में रघुनाथ साहू की मृत्यु होने के कारण उक्त घटनाक्रम के संबंध में दंडाधिकारी जांच के लिए अतिरिक्त कलेक्टर निर्भय साहू को दंडाधिकारी जांच अधिकारी नियुक्त किया गया है। अतिरिक्त कलेक्टर एवं अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी श्री साहू ने अपनी जांच को गति देना और जांच को पूरा करने जांच जांच बिन्दु निर्धारित कर घटना से संबंधित जानकारी रखने वाले व्यक्तियों 24 सितंबर 2024 से 04 अक्टूबर 2024 तक सार्वजनिक अवकाश को छोड़कर पूर्वान्ह 11 बजे से सांय 5 बजे तक कार्यालय कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी कबीरधाम के कक्ष क्रमांक 17 में उपस्थित होकर लिखित अथवा मौखिक साक्ष्य एवं अभिलेख प्रस्तुत करने कहा था। जिसकी निर्धारित तिथि बीते शनिवार को पूरी हो चुकी है। लेकिन जानकारी के मुताबिक इन 11 दिनो की समयावधि में शासन द्वारा नियुक्त दंडाधिकारी जांच अधिकारी श्री साहू के समक्ष घटनाक्रम के संबंध में कोई भी व्यक्ति लिखित अथवा मौखिक साक्ष्य एवं अभिलेख प्रस्तुत करने उपस्थित नहीं हुआ है। हालांकि अतिरिक्त कलेक्टर एवं अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी श्री साहू द्वारा जारी अपील में प्रशांत साहू की मौत को लेकर कुछ भी नहीं कहा गया था। आरोप है कि प्रशांत की मौत जिला जेल में पुलिस प्रताड़ना तथा मारपीट से हुई थी। ऐसे में बड़ा सवाल यही उठ रहा है कि आखिर शिवप्रसाद तथा रघुनाथ साहू की मौत की न्यायिक जांच में सहयोग के लिए मृतक के परिजनो ने भी रूचि क्यों नहीं दिखाई और इनसे संबंधित साक्ष्य दंडाधिकारी जांच अधिकारी के समक्ष क्यों पेश क्यों नहीं किए?




# अद्भुत है ग्राम माकरी की मां हिंगलाज भवानी का रूप

## नवरात्रि पर्व पर उमड़ रही भक्तों की भारी भीड़

- करीब 261 वर्ष पूर्व स्थापित की गई थी माता रानी की प्रतिमा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुण्डा

नवरात्रि पर्व पर जिला मुख्यालय से 32 किलो मीटर दूर ग्राम माकरी स्थित अति प्राचीन मां हिंगलाज भवानी मंदिर श्रद्धालुओं के आस्था और विश्वास का केन्द्र बना हुआ है। हाफ नदी के तट पर स्थित इस मंदिर में प्रतिदिन सैकड़ों श्रद्धालु मां जगत जननी हिंगलाज भवानी से आशीर्वाद प्राप्त करने पहुंच रहे है। नवरात्र पर्व पर सैकड़ों श्रद्धालुओं ने मां के चरणों में मनोकामना ज्योति कलश भी प्रज्जवलित कराए हैं। बताया जाता है कि करीब 261 वर्ष पूर्व क्षेत्र के गोंड राजाओं को यहां खुदाई के दौरान काठ से निर्मित मां हिंगलाज भवानी की मूर्ति प्राप्त हुई थी। जिसे गोंड शासकों ने ग्राम माकरी में हाफ नदी के तट पर श्रद्धाभाव से स्थापित करवा दिया था। तब से यह मूर्ति यहीं पर स्थापित है। वहीं कई जानकार व ज्योतिषियों का मत है कि मां हिंगलाज भवानी की मूर्ति पाकिस्तान के रावल पिंडी शहर के पास हिंगलाज शक्तिपीठ के नाम से जानी जाती है। क्षेत्रवासियों ने बताया कि ग्राम माकरी में स्थापित मां हिंगलाज भवानी की मूर्ति दुर्लभ तो है ही साथ ही अद्भुत भी है। उन्होंने बताया कि प्रारंभ से ही काठ से निर्मित यह मूर्ति यहीं स्थापित है। श्रद्धालु प्रतिदिन मां की पूजा करते है और उन्हें जल अर्पित करते है। लेकिन काठ से बनी इस मूर्ति में आज तक कोई फर्क नहीं आया है। जबकि आम लकड़ी में इतने लम्बे समय तक पानी डालने पर वह कब की नष्ट हो चुकी होती। ग्रामीणों ने बताया कि मां हिंगलाज भवानी का रूप और तेज देखते ही बनता है। वैसे तो मां हिंगलाज भवानी के दर्शन करने बारह महिने दूर-दूर से श्रद्धालुओं का आना जाना लगा रहता है। लेकिन चैत्र एवं क्वांर नवरात्रि में इस स्थान का महत्व और भी बढ़ जाता है। लोग अपने दुखः दर्द, व मनोकामना लेकर मां के चरणों में आते है और सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु मां के चरणों में मनोकामना ज्योति कलश प्रज्जवलित कराते है। श्रद्धालुओं की आस्था है कि मां हिंगलाज भवानी के चरणों में मनोकामना ज्योति कलश प्रज्जवलित कराने वाले श्रद्धालु की मनोकामना जरूर पूरी होती है। मां की महिमा से रूबरू हो चुके प्रदेश के कई अधिकारी, राजनीति से जुड़े लोग प्रतिवर्ष चैत्र व क्वांर नवरात्रि में मां के चरणों में मनोकामना ज्योतिकलश प्रज्जवलित कराते है और मनोकामना पूर्ण होने के बाद सपरिवार आकर मां से आर्शिवाद लेते है। इस वर्ष भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने मां के चरणों में मनोकामना ज्योति कलश प्रज्जवलित कराये है। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी मां हिंगलाज भवानी मंदिर समिति द्वारा नवरात्र पर्व धूमधाम से मनाया जा रहा है। समूचा गांव मां की भक्ति में लीन है।



#### पुरातत्व विभाग भी कर चुका है प्रतिमा का परीक्षण


यद्यपि प्रथम दृष्टया देवी मूर्ति काष्ठ की लगती है वहीं कुछ लोग प्रस्तर प्रतिमा होने का दावा करते हैं किंतु आज तक यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि यह प्रतिमा काष्ठ की है अथवा फिर प्रस्तर की। माकरी ग्राम के रमाकांत शुक्ला ने बताया कि उक्त मूर्ति का परीक्षण पुरातत्व विभाग के लोग भी कर चुके हैं लेकिन उनके द्वारा भी यह प्रमाणित नहीं किया जा सका कि आखिर देवी मूर्ति किस धातु की है। माकरी ग्राम पंडरिया क्षेत्र के कुंडा से दो किलोमीटर दूर दक्षिण में कुंडा मोहगांव मार्ग पर स्थित है।

# कमर तोड़ मंहगाई उपवास की थाली पर भी पड़ रही भारी

- फल, मेवा, आलू, टमाटर सहित अन्य फलाहार के दाम बढ़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

शासन-प्रशासन के नियंत्रण से बाहर हो चुकी मंहगाई की मार नवरात्र की फलाहारी थाली पर भी भारी पड़ रही है और पर्व विशेष पर उपवास रखने वाले इसकी मार झेल रहे हैं। विशेषकर उपवास में उपयोगी फलाहारी खाद्य पदार्थो के दाम तो आसमान छूने लगे हैं। जानकारी के मुताबिक नवरात्रि पर्व में उपवास रखने वाले फलाहारियों को फलों के बढ़े हुए दाम आंखे दिखा रहे हैं ऐसे में ज्यादातर फलाहारी बजट में आने वाले आलू से ही काम चला रहे हैं हालांकि आलू की कीमतों में भी सामान्य दिनो की अपेक्षा नवरात्र में कुछ बढ़ोत्तरी देखने को मिल रही है। वहीं नगर के बाजार में बिकने वाले मौसमी फलों के दामों में जबरदस्त उछाल देखा जा रहा है। फल विक्रेताओं से मिली जानकारी के अनुसार इन दिनों बाजार में सेब, अनार, नासपात्ती डेढ़ से दो सौ रूपए प्रति किलो बिक रहे हैं और केला 60 से 70 रूपए दर्जन बिक रहा है। फल विक्रेताओं के मुताबिक सभी फलों की कीमतों में नवरात्रि पर्व के चलते वृद्धि हुई है। फलों के साथ-साथ उपवास में उपयोग आने वाला साबुदाना करीब 160 रूपए किलो, फल्लीदाना 180 रूपए किलो, खड़ा सिंघाड़ा 200 रूपए किलो, सिंघाड़ा आटा 250 रूपए प्रति किलो की दर से बिक रहा है। रही बात सूखे मेवा की तो वह सामान्य वर्ग की पहुंच से काफी दूर है। मंहगाई का असर उपवास में उपयोग आने वाले टमाटर, धनिया, मिर्ची और आलू में भी पड़ा है। टमाटर इस समय नगर के सब्जी बाजार में करीब 80 रूपए प्रति किलो के भाव से बिक रहा है। कुल मिलाकर नवरात्र पर्व के उपवास को महंगाई का सामना करना पड़ रहा है।



# कन्या शाला की 206 बालिकाओं को निः शुल्क सायकल वितरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पंडरिया/कुण्डा

नगर के शासकीय कन्या उच्चतर माध्य शाला में अध्ययन 206 छात्राओं को गत दिनो शासन की निःशुल्क सरस्वती सायकल वितरण योजना के तहत सायकल का वितरण किया गया। सरस्वती सायकल वितरण योजना का मुख्य उद्देश्य दूरदूराज से आने वाली छात्राओं की सुविधाओं और उनकी शिक्षा को निरंतर बढ़ावा देना एवं उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। इस कार्यक्रम में पहुंचे भाजपा मंडल अध्यक्ष गजपाल साहू ने छात्राओं के उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस महत्वाकांक्षी योजना से बालिकाओं को नियमित अध्ययन के लिए स्कूल आने में सुविधा होगी एवं वे शिक्षा के मार्ग में आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित होंगी। पंडरिया जनपद उपाध्यक्ष तुलस कश्यप ने छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा की 10 वीं एवं 12 वीं में 80 प्रतिशत अंक पाने वाली छात्राओं को उनके द्वारा सम्मानित किया जाएगा एवं 12वीं की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को महाविद्यालय के शिक्षा हेतु पूर्ण सहयोग किया जाएगा। कार्यक्रम में कुलदीप सिंह छाबड़ा वरिष्ठ अधिवक्ता, चंद्र कुमार सोनी, भास्कर देवांगन एवं देवेंद्र गुप्ता पद्मराज टंडन, मनमोहन साहू, लाल यादव, शंकर राव, श्रीमती प्रभा देवांगन, श्रीमती अनुराधा शर्मा, पुष्प लता राज, मीनाक्षी सिंह, अर्चना सिंह सहित संस्था के शिक्षक शिक्षिकाएं एवं पालक उपस्थित थे।



### शिक्षा को आनंदमय बनाने बच्चों को कराया गया शैक्षणिक भ्रमण




**कवर्धा।** राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान के तहत संचालित शासकीय हाई स्कूल छिरहा के विद्यार्थियों ने भिलाई स्थित मैत्री गार्डन का शैक्षणिक भ्रमण किया। संस्था के प्राचार्य डॉ. रमेश चन्द्रवंशी ने बताया कि राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत स्कूल के बीस छात्राओं को निःशुल्क शैक्षणिक भ्रमण का अवसर प्रदान किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों को छत्तीसगढ़ के औद्योगिक रूप से विकसित आधुनिक शहर भिलाई सहित वहाँ स्थित गार्डन व चिड़ियाघर देखने का अवसर प्राप्त हुआ। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय आविष्कार अभियान केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय का एक कार्यक्रम है, जिसका उद्देश्य स्कूल आधारित ज्ञान को स्कूल के बाहर के जीवन से जोड़ना, विज्ञान व गणित की शिक्षा को आनंदमय बनाना तथा नवाचार व प्रौद्योगिकी के उपयोग पर ध्यान केंद्रित करना है। भ्रमण के दौरान व्याख्याता वीणाक्षी नामदेव ने विद्यार्थियों को विभिन्न जानकारियों से अवगत कराया। प्राचार्य डॉ. रमेश चन्द्रवंशी ने विद्यार्थियों को निःशुल्क भ्रमण का अवसर प्रदान करने के लिए डीएमसी नकुल पनागर एवं एपीसी राकेश चन्द्रवंशी का धन्यवाद ज्ञापित किया है।

**बड़ी संख्या में पालकों ने बैठक में दर्ज कराई अपनी उपस्थिति, कई विषयों पर की चर्चा**

# वनांचल के कामठी स्कूल में द्वितीय पालक-शिक्षक मेगा बैठक आयोजित




हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोदवागोड़ाना

द्वितीय पालक-शिक्षक मेगा बैठक का आयोजन गत 04 अक्टूबर को मुनमुना संकुल के समस्त 15 विद्यालयों में आयोजित की गई थी। इस बैठक में मुख्य रूप से त्रैमासिक परीक्षा के उपरांत बच्चों की स्थिति का आंकलन 12 बिंदुओं करते हुए पालकों को अवगत कराया गया। शिक्षक मनोज आदित्य ने बच्चों के अकादमिक प्रगति एवं परीक्षा पर चर्चा करते हुए कहा कि बच्चों में तनाव को दूर करने की दृष्टि से उनके साथ मैत्रीपूर्ण व्यवहार, उनकी रुचि को ध्यान में रखकर विषय का चयन, अच्छे अंक लाने हेतु प्रोत्साहित करने के अलावा उन्हें अच्छी नींद लेने, उनके अध्यापन एवं विद्यालय जाने-आने में होने वाली असुविधाओं तथा असमय अवकाश आदि विषयों पर अभिभावकों को ध्यान देने हेतु सुझावात्मक जानकारी दी गई। शिक्षक श्री सुमित पांडेय ने अपार आईडी की नई व्यवस्था तथा आधार कार्ड आदि महत्वपूर्ण अभिलेखों के संधारण व संरक्षण की आवश्यकता से अवगत कराया गया। शिक्षक तुलस चन्द्राकर ने उपस्थित अभिभावकों को बताते हुए कहा कि विद्यालय में बच्चों के सीखने-सिखाने की दृष्टि से एवं गतिविधियों के माध्यम से नित नए प्रयोग के साथ बच्चों में सृजनात्मक कौशल विकास का गुर सीखने का प्रयास प्रयोगात्मक रूप से कराया जाता है। शैक्षिक समन्वयक रघुनंदन गुप्ता ने बच्चों की पढ़ाई में स्वतंत्रता के लिए घर मे मेरा कोना निर्धारित करने, उनकी दिनचर्या को समय सारणीबद्ध सुनिश्चित करने, बच्चों ने आज क्या सीखा इस पर भी पालक को रुचि दिखाते हुए अपने बच्चों से पूछना चाहिए। बच्चा बोलेगा बेझिझक इस दृष्टि से बच्चों में नेतृत्व क्षमता के विकास हेतु किये जा रहे प्रयास, बस्ताविहीन शनिवार को वार्षिक कलेण्डर के अनुसार गतिविधियां कराए जाने, आयु के अनुसार स्वास्थ्य परीक्षण, जाति-निवास एवं आय प्रमाण पत्र के लिए लगने वाले शिविर, तथा शासन के महत्वपूर्ण आग्रह न्यौता भोज में अभिभावकों को अपने परिवार के महत्वपूर्ण अवसर (जन्मदिन) आदि खुशी को उत्सव के रूप में मनाने हेतु विद्यालय में सहभागिता निभाने, विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं जैसे गौविज्ञान आदि में भाग लेने, बच्चों के बैठक व्यवस्था में रोटेशन पद्धति से कमजोर बच्चों को सामने लाने आदि विषयों पर जानकारी दी गई। जिला परियोजना समन्वयक समग्र शिक्षा अधिकारी जिला कबीरधाम से पधारे श्री पनागर ने उपस्थित अभिभावकों की संख्या पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि इतनी बड़ी संख्या में आपकी उपस्थिति निश्चित ही जागरूक पालकों की पहचान है, आप सब की जागरूकता के कारण ही वनांचल का नाम पढ़ाई, खेल, सांस्कृतिक अथवा अन्य गतिविधियों के क्षेत्र में जिलास्तर पर अव्वल रहता है।

# कवर्धा के पीजी कॉलेज मैदान में स्वदेशी मेला का भूमि पूजन आज

- 17 अक्टूबर से 23 अक्टूबर तक स्वदेशी मेला का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



शहर में पहली बार भारतीय विपणन विकास केंद्र द्वारा स्वदेशी मेला का आयोजन किया जा रहा है। यह मेला 17 अक्टूबर से 23 अक्टूबर पीजी कॉलेज ग्राउंड में लगेगा।

मेले में लगने वाले तैयारियों की शुरुवात भूमिपूजन के साथ होगी। मेले का भूमिपूजन 07 अक्टूबर को सुबह 8 बजे निर्धारित मैदान में किया जाएगा। जिसमे मुख्य अतिथि यजमान के रूप में राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र से सांसद संतोष पाण्डेय एवं उनकी धर्मपत्नी श्रीमती रेखा पांडे उपस्थित रहेंगे।

इस मंच द्वारा रायपुर, बिलासपुर व राजनांदगांव में प्रति वर्ष स्वदेशी मेला का सफल आयोजन किया जाता है। स्वदेशी मेला का प्रमुख उद्देश्य स्वालम्बी भारत की परिकल्पना को साकार करना है। जानकारी के अनुसार इनमें 100-150 अधिक स्टाल लगाए जायेंगे। निश्चित ही यह आयोजन क्षेत्र के व्यवसायियों के लिए मार्गदर्शन का भी कार्य करेगा।

कार्यक्रम प्रबंधक सुब्रत चाकी के साथ मेला संयोजक अतुल देशलहरा, सह संयोजक द्वय मुकेश अग्रवाल एवं प्रांजल ठाकुर ने बताया कि सोमवार को सुबह भूमिपूजन के बाद आगामी मेले के लिए तैयारी में तेजी आना प्रारंभ हो जाएगा।

उन्होंने कहा यह आयोजन बड़े शहरों में ही होता रहा है उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा जी ने अपने जिले वासियों को इसका लाभ मिले इस भाव से चाहते थे ऐसा आयोजन कवर्धा में भी हो उन्ही के प्रेरणा से जिले में आयोजन होना सुनिश्चित हुआ है। उन्होंने आग्रह किया है स्थानीय व्यापारी बंधुओं के साथ साथ जिले वासी भी स्वदेशी मेला में अधिक से अधिक संख्या में भाग लें।

## सार समाचार

### जंगलपुर के सात बच्चे चयनित



**राजनांदगांव।** शा.उ.मा. शाला जंगलपुर संकुल केन्द्र के सात बच्चों का चयन राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के लिए हुआ है। दुर्ग में आयोजित जोन स्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर इन बच्चों का चयन हुआ है। अब ये बच्चे 6 अक्टूबर से रायपुर में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में दुर्ग जोन का प्रतिनिधित्व करेंगे। संकुल प्राचार्य पूनाराम यादव ने बताया कि विद्यालय के व्यायाम शिक्षक मनीष कुमार पांडेय, तीरंदाजी कोच राहुल साहू और भोपेंद्र सिन्हा के मार्गदर्शन में बच्चों ने यह उपलब्धि हासिल की है। चयनित छात्र-छात्राओं में यू-19 बालिका वर्ग में भारती साहू, यू-17 बालिका वर्ग में पम्मी सिन्हा एवं हिमानी साहू, यू-17 बालक वर्ग में अर्जुन, यू-14 बालक वर्ग में ईशान यादव व टिकेश्वर साहू तथा यू-14 बालिका वर्ग में हर्षा साहू शामिल हैं। छात्र-छात्राओं की इस उपलब्धि पर संकुल प्राचार्य पूनाराम यादव, रिखीराम साहू, महादेव वाल्दे, विकास समिति के सदस्यों तथा शिक्षकों ने शुभकामनाएं दी।

### फैंसी ड्रेस एवं सोलो डांस प्रतियोगिता आयोजित




**राजनांदगांव।** नीरज पैरेंट्स प्राइड स्कूल बल्देवबाग, जयस्तंभ चौक ब्रांच एवं नीरज फाउंडेशन स्कूल द्वारा सोलो डांस एवं फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन नीरज बाजपेयी इंटरनेशनल स्कूल बोरी में एक अक्टूबर को जयस्तंभ चौक स्कूल एवं नीरज फाउंडेशन स्कूल के प्री-प्रायमरी व 2 अक्टूबर को बल्देवबाग स्कूल के प्री-प्रायमरी के बच्चों ने अपना-अपना परफार्मेंस दिया। जिसमें प्री-नर्सरी से केजी-1 के छात्र-छात्राओं द्वारा फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में भिन्न-भिन्न परिधानों में नजर आए। बच्चों द्वारा इनके परिधानों ने पालकों एवं शिक्षकों को आकर्षित किया और पालकों ने सराहना की। कार्यक्रम की इसी कड़ी में केजी-2 के बच्चों ने मनमोहक डांस की प्रस्तुतियां दी।

कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल संचालक नीरज बाजपेयी एवं सोनल बाजपेयी द्वारा किया गया। तत्पश्चात श्री बाजपेयी ने नृत्य से संबंधित विभिन्न बातों पर प्रकाश डालते कहा कि जीवन में नृत्य की उपयोगिता इसलिए है, क्योंकि नृत्य एक साधना है, नृत्य में एकाग्रता का जैसा स्थान है वैसे ही जीवन में भी एकाग्रता का महत्व है। श्री वाजपेयी ने कहा कि यह कार्यक्रम बच्चों को अपनी प्रतिभा को निखारने का अवसर प्रदान करता है।

प्रतियोगिता में कक्षावार विद्यार्थियों को अलग-अलग समूहों में विभाजित कर प्रतियोगिता संपन्न कराई गई एवं उक्त डांस प्रतियोगिता एवं फैंसी ड्रेस प्रतियोगता में प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान में चयनित छात्र-छात्राओं का चयन आमंत्रित सम्मानित निर्णायक मंडल द्वारा किया गया। इसके साथ ही सभी प्रतिभागी बच्चों को सांत्वना पुरस्कार दिया गया।

उक्त प्रतियोगिताओं के मुख्य मार्गदर्शक एवं नेतृत्वकर्ता एनपीपीएस जयस्तंभ चौक की एचएम स्नेहा तिवारी, नीरज फाउंडेशन स्कूल की एचएम मधुजा माहेश्वरी एवं एनपीपीएस बल्देवबाग की एचएम वैशाली रहे। इस अवसर पर एनबी ग्रुप ऑफ स्कूल्स की डॉयरेक्टर रेणु बाजपेयी, कुंतल बाजपेयी, एनबीआई प्राचार्य एकता गांधी, एनपीपीएस प्राचार्य ईला राठौर, उपप्राचार्य आरती पिल्लई सहित शिक्षकगण एवं स्टॉफ उपस्थित रहे। इस अवसर पर डायरेक्टर नीरज बाजपेयी द्वारा पालकों का आभार जताया।

### राकेश श्रीवास्तव का निधन



**राजनांदगांव।** सहदेव नगर निवासी राकेश कुमार श्रीवास्तव (70 वर्ष) का गत दिवस हृदयघात से निधन हो गया। वे अपने पीछे पत्नी व तीन पुत्रियों सहित भरापूरा परिवार छोड़ गए। उनका अंतिम संस्कार लखोली स्थित मुक्तिधाम में किया गया। उपस्थितजनों ने शोकसभा आहूत कर मुक्तात्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

## 24वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता संपन्न

# दुर्ग संभाग बना ओवरआल चैम्पियन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित 24वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता 2024 के समापन समारोह का आयोजन आज अंतर्राष्ट्रीय एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम राजनांदगांव में हुआ। प्रतियोगिता में मेजबान दुर्ग संभाग ने बॉस्केटबॉल, हॉकी के साथ ही शतरंज, तैराकी, वाटर पोलो एवं बेसबाल में पदक जीतकर ओवर ऑल चैम्पियनशिप का खिताब अपने नाम किया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद संतोष पांडे व अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष गीता घासी साहू ने की। विशिष्ट अतिथि पूर्व जनपद उपाध्यक्ष छुरिया रविन्द्र वैष्णव, राजेन्द्र गोलछा, लीलाधर साहू उपस्थित थे।

इस अवसर पर शिव वर्मा, आलोक श्रोती, राजेश यादव, कलेक्टर एवं आयोजन समिति के अध्यक्ष संजय अग्रवाल, आयोजन के संगठन सचिव एवं जिला शिक्षा अधिकारी प्रवास कुमार सिंह बघेल, एसडीएम राजनांदगांव अतुल विश्वकर्मा, सहायक संचालक शिक्षा आदित्य खरे सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी, प्रतिभागी एवं बड़ी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित थे।

### रूकना व झुकना नहीं चाहिए

जिला पंचायत अध्यक्ष गीता घासी साहू ने कहा कि खिलाड़ी को थकना, रूकना व झुकना नहीं चाहिए। खिलाड़ी को हमेशा अनुशासन में रहकर खेल में भी हिस्सा लेना चाहिए। डीईओ प्रवास कुमार सिंह बघेल ने आयोजन के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। 5 संभागों के आए प्रतिभागियों ने वाईडनर स्कूल की बालिकाओं द्वारा बैंड की धुन पर आकर्षक मार्चपास्ट करते सलामी दी।




### पूरी शक्ति लगाकर किया उत्कृष्ठ प्रदर्शन

सांसद श्री पांडे ने प्रतिभागियों को संबोधित करते कहा कि आप सभी ऐसे समय अपने खेल का प्रदर्शन कर रहे हैं, जब शक्ति का पर्व चल रहा है और आपने भी पूरी शक्ति लगाकर अपने उत्कृष्ठ खेल का प्रदर्शन किया है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार भी शिक्षा के साथ ही खेल के प्रति गंभीर है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी खेल व खिलाड़ियों के प्रति हमेशा सजग रहते हैं।

### शतरंज प्रतियोगिता में दुर्ग प्रथम

शतरंज बालक 14 वर्ष में प्रथम दुर्ग, द्वितीय रायपुर, तृतीय सरगुजा एवं शतरंज बालिका 14 वर्ष में प्रथम दुर्ग, द्वितीय बस्तर, तृतीय रायपुर की टीम रही। शंतरज बालक 17 वर्ष में प्रथम बिलासपुर, द्वितीय रायपुर, तृतीय दुर्ग एवं शंतरज बालिका 17 वर्ष में प्रथम दुर्ग, द्वितीय बिलासपुर, तृतीय रायपुर की टीम रही। शंतरज बालक 19 वर्ष में प्रथम बिलासपुर, द्वितीय रायपुर, तृतीय दुर्ग एवं शतरंज बालिका 19 वर्ष में प्रथम दुर्ग, द्वितीय रायपुर, तृतीय बिलासपुर की टीम रही। इसके साथ ही मेजबान दुर्ग संभाग को सभी खेलों में पदक प्राप्त करने के चलते ओवर ऑल चैम्पियनशिप का पुरस्कार प्रदान किया गया।

### बास्केटबाल में दुर्ग ने मारी बाजी

24वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता 2024 के समापन समारोह में अतिथियों द्वारा विजेता टीम के खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरण किया गया। प्रतियोगिता में बॉस्केटबॉल बालक 17 वर्ष प्रथम दुर्ग, द्वितीय रायपुर, तृतीय बिलासपुर रही। इसी वर्ग की बालिका वर्ग में प्रथम दुर्ग, द्वितीय रायपुर, तृतीय सरगुजा की टीम रही। बॉस्केटबॉल बालक 19 वर्ष प्रथम दुर्ग, द्वितीय रायपुर, तृतीय बस्तर एवं बालिका वर्ग में प्रथम दुर्ग, द्वितीय रायपुर, तृतीय बस्तर की टीम रही।

### बेसबाल 17 वर्ष में बिलासपुर प्रथम

बेसबॉल 17 वर्ष बालक वर्ग में प्रथम बिलासपुर, द्वितीय बस्तर, तृतीय दुर्ग एवं बेसबॉल 17 वर्ष बालिका वर्ग में प्रथम बिलासपुर, द्वितीय बस्तर, तृतीय दुर्ग की टीम रही। हॉकी 19 वर्ष बालक वर्ग में प्रथम दुर्ग, द्वितीय रायपुर, तृतीय सरगुजा एवं हॉकी 19 वर्ष बालिका वर्ग में प्रथम दुर्ग, द्वितीय बिलासपुर, तृतीय सरगुजा की टीम रही।

### वाटर पोलो में भी बिलासपुर प्रथम

वाटर पोलो बालक 19 वर्ष प्रथम बिलासपुर, द्वितीय दुर्ग, तृतीय सरगुजा की टीम रही। तैराकी बालक 14 वर्ष प्रथम बिलासपुर, द्वितीय रायपुर, तृतीय दुर्ग एवं तैराकी 14 वर्ष बालिका वर्ग में प्रथम बिलासपुर, द्वितीय रायपुर, तृतीय दुर्ग तथा तैराकी बालक 17 वर्ष प्रथम रायपुर, द्वितीय बिलासपुर, तृतीय दुर्ग की टीम रही। तैराकी 17 वर्ष बालिका वर्ग में प्रथम बिलासपुर, द्वितीय रायपुर, तृतीय दुर्ग एवं तैराकी बालक 19 वर्ष प्रथम बिलासपुर, द्वितीय दुर्ग, तृतीय रायपुर तथा तैराकी 19 वर्ष बालिका वर्ग में प्रथम दुर्ग, द्वितीय रायपुर, तृतीय बिलासपुर की टीम रही।

## 18वीं किस्त जारी होने पर किसानों में हर्ष : कोमल

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने केंद्र में बैठी नरेंद्र मोदी सरकार की प्रशंसा करते कहा कि किसानों के हितार्थ योजनाओं के क्रियान्वयन में मोदी सरकार ने हर मोर्चे पर किसानों का साथ दिया है।

खाद की सब्सिडी हो या किसान सम्मान निधि सभी में मोदी सरकार लगातार अनवरत रूप से किसानों के हित में कार्य कर रही है। वर्तमान में मोदी सरकार ने 18वीं किस्त किसान सम्मान निधि में देश के लिए 9.4 करोड़ से अधिक कृषकों को 20000 करोड़ रुपए से अधिक की धनराशि सम्मान निधि के रूप में महाराष्ट्र से जारी की। जिससे किसानों में हर्ष व्याप्त है। सभी किसान मोदी सरकार से प्रसन्नचित हैं। श्री राजपूत ने कहा कि विपक्षी लोग यह कहा करते थे कि मोदी की किसानों के हित में सम्मान निधि की राशि चुनाव के बाद बंद हो जाएगी, यह चुनावी शिगूफा है, परंतु मोदी ने लगातार सम्मान निधि को जारी करते यह सिद्ध कर दिया कि पूरे विश्व में इतनी बड़ी संख्या में किसानों को अंश राशि देने का प्रतिमान मोदी ने बनाया है।




## सतत विद्युत उपभोक्ता सेवा बनाए रखना पहली प्राथमिकता : शैलेट

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के मानव संसाधन विभाग द्वारा 20 सितंबर को जारी स्थानांतरण आदेश के तहत शिरीष शैलेट ने राजनांदगांव क्षेत्र के मुख्य अभियंता के पद पर अपना पदभार ग्रहण कर लिया। इससे पूर्व राजनांदगांव क्षेत्र में मुख्य अभियंता के पद पर टीके मेश्राम कार्यरत थे। जिनका स्थानांतरण अंबिकापुर क्षेत्र में मुख्य अभियंता के पद पर हुआ है।

शहर के पारींनाला स्थित क्षेत्रीय प्रशासनिक भवन में मुख्य अभियंता का पदभार शिरीष शैलेट को टीके मेश्राम ने सौंपा। श्री शैलेट ने कंपनी द्वारा सौंपी गई जिम्मेदारी के प्रति आभार व्यक्त करते कहा कि राजनांदगांव क्षेत्र अंतर्गत राजनांदगांव, खैरागढ़-छुईखदान-गंड़ई, मोहला-मानपुर-अं. चौकी एवं कबीरधाम जिले में विद्युत विकास की गति को आगे बढ़ाने में टीम वर्क के साथ सतत प्रयासरत रहेंगे। उन्होंने कहा कि चारों जिले में निर्बाध विद्युत व्यवस्था एवं उत्कृष्ठ उपभोक्ता सेवा को बनाए रखना उनकी पहली प्राथमिकता होगी।

इस दौरान कर्मचारियों ने नवपदस्थ मुख्य अभियंता शैलेट को शुभकामनाएं दी।

## दाऊ मंदराजी को दी पुण्यांजलि



**राजनांदगांव।** दाऊ दुलार सिंग मंदराजी की 40वीं पुण्यतिथि पर लोक कलाकारों ने उन्हें कृतज्ञतापूर्वक याद करते कबीर भजन के माध्यम से सांगीतिक पुण्यांजलि अर्पित की। इस अवसर पर सुप्रसिद्ध कबीर भजन गायन पद्मश्री भारती बंधु ने एक से एक भजनों की प्रस्तुति देकर दाऊ मंदराजी को श्रद्धापूरित पुण्यांजलि दी। कन्हारपुरी में आयोजित कार्यक्रम में पूर्व सांसद मधुसूदन यादव ने पद्मश्री भारती बंधु, साहित्यकार आत्माराम कोशा समेत महादेव हिरवानी, विष्णु कश्यप, चतुर सिंह, छन्नू, प्रेम साव, ओमप्रकाश साहू, मानसिंह, पवन यादव, रौशन साहू, किशोर साहू, नीलम, डोहरू साहू आदि के साथ दाऊ मंदराजी के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। आभार प्रदर्शन मानसिंह ठाकुर ने किया।




## साकेत साहित्य परिषद सुरगी का रजत जयंती समारोह 20 को

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



साकेत साहित्य परिषद सुरगी द्वारा आगामी 20 अक्टूबर को सुरगी में रजत जयंती समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में तीसरी तैयारी बैठक परिषद के अध्यक्ष ओमप्रकाश साहू और वरिष्ठ सदस्य फकीर प्रसाद साहू के संयोजन में साकेत साहित्य भवन में आयोजित किया गया।

बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार कुबेर सिंह साहू ने की। विशिष्ट अतिथि जीवनलाल साहू अध्यक्ष मंडल साहू संघ मुड़पार (सुरगी) शामिल थे। संस्था अध्यक्ष ओमप्रकाश साहू, संरक्षक कुबेर सिंह साहू, पूर्व अध्यक्ष लखनलाल साहू, कोषाध्यक्ष सचिन निषाद ने रजत जयंती के संबंध में संस्था द्वारा अब तक किए गए विभिन्न पहल के बारे में सदस्यों को जानकारी दी। रजत जयंती स्मारिका के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। सम्मान समारोह के अतिथियों का चयन आगामी बैठक में किया जाएगा।

समारोह को सुचारू रूप से संचालित करने विभिन्न समितियों का गठन कर पदाधिकारियों और सदस्यों को दायित्व सौंपा गया है। बैठक में साकेत के मासिक गोष्ठी में सक्रियता के चलते कवि युनुस अजनबी गैंदाटोला, छुरिया और गीतकार अमृत दास साहू,कलकसा डोंगरगढ़ को साकेत की सदस्यता प्रदान की गई। बैठक में कुबेर सिंह साहू, ओमप्रकाश साहू, लखनलाल साहू, वीरेन्द्र कुमार तिवारी, महेन्द्र कुमार बघेल, फागूदास कोसले, सचिन निषाद, राजकुमार चौधरी, शंतूराम गंजीर, फकीर प्रसाद साहू, कुलेश्वर दास साहू, अमृतदास साहू, मदन मंडावी, पवन यादव, डोहरदास साहू उपस्थित थे।

## कपड़े की थैली उपयोग का संकल्प

- मंदिर परिसर को पॉलिथीन मुक्त बनाने का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



संस्कारधानी की पर्यावरण संरक्षण गतिविधि राजनांदगांव के पर्यावरण रक्षक जिला संयोजक मयंक शर्मा, सहसंयोजक सूरज गुप्ता, शहर प्रमुख निकुंज सिंघल व जिला एनजीओ प्रमुख सौरभ खंडेलवाल ने बताया कि पर्यावरण बचाने मां बम्लेश्वरी देवी मंदिर परिसर को पॉलिथीन मुक्त एस-2 अच्छा युक्त, पेड़ लगाए, संरक्षण करें, जल बचाए कल बचाएं का संकल्प लेकर पर्यावरण रक्षक दल ने मां बम्लेश्वरी मंदिर समिति के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, ट्रस्टी अजय सिंह ठाकुर, चंद्रकांत शर्मा मुख्य नगर पालिका अधिकारी से सौजन्य भेंट कर विस्तार से चर्चा की।

डोंगरगढ़ मंदिर समिति अध्यक्ष मनोज अग्रवाल ने मां बम्लेश्वरी देवी मंदिर परिसर को पॉलिथीन मुक्त, पेड़ लगाए, संरक्षण करें, जल बचाए, कल बचाएं से जुड़कर स्वयं पर्यावरण रक्षक के रूप में सहभागी बनकर डोंगरगढ़ आने वाले भक्तों एवं नागरिकों से अनुरोध करते मंदिर परिसर में पॉलिथीन नहीं लाने एवं कपड़े के थैली का उपयोग करने का अनुरोध किया। उक्त जानकारी पर्यावरण संरक्षण गतिविधि के मनीष यादव ने दी।

आवश्यकता है
हरिभूमि छत्तीसगढ़ का नंबर 1 अखबार
हरिभूमि समाचार पत्र को सर्वे कार्य हेतु 10 युवकों की आवश्यकता है, जिसके पास स्वयं का वाहन हो, इच्छुक व्यक्ति संपूर्ण बायोडाटा के साथ तुरंत संपर्क करें।
योग्यता : 10वीं, 12वीं, स्नातक
वेतन 10,000+
बाहर के अभ्यर्थियों के लिए आवास की सुविधा
Resume Whatsapp करें
8319268069, 7489534456
हरिभूमि
ब्यूरो कार्यालय, दुर्गा चौक, राजनांदगांव

## बागनदी-डोंगरगढ़ का रास्ता ब्लॉक, एनएच में लग रहा जाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



नवरात्र के अवसर पर देवी मंदिरों में दर्शन को लेकर लोगों में जर्बदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। खासकर डोंगरगढ़ स्थित मां बम्लेश्वरी मंदिर जाने वालों की संख्या अधिक है। आलम यह है कि दिन के साथ रात को भी हजारों की संख्या में दो पहिया व चार पहिया वाहनों के जरिये लोग डोंगरगढ़ पहुंच रहे हैं। दुर्ग, भिलाई-रायपुर के अलावा महाराष्ट्र और मध्यप्रदेश से भी लोग दर्शन के लिए आ रहे हैं। ऐसे में नेश्नल हाईवे से लेकर बम्लेश्वरी रूट पर आने वाले गांव में भी ट्रेफिक जाम होने लगा है।

स्थिति यह रही कि शनिवार रात को लाखों श्रद्धालुओं के आने से रविवार सुबह जाम की स्थिति रही। बताया गया कि बागनदी से डोंगरगढ़ जाने वाला रास्ता लगभग पांच घंटे तक ब्लॉक रहा। इसके अलावा राजनांदगांव से तुमड़ीबोड़ होते हुए डोंगरगढ़ जाने वाले मार्ग में भी काफी ट्रेफिक रहा। वहीं राजनांदगांव से लिटिया, सुकुलदैहान होते हुए जाने वाले मार्ग में पदयात्रियों की भारी भीड़ देखने को मिली। हालत यह है कि भारी भीड़ को देखते प्रशासन को भक्तों से अपील करनी पड़ गई। उल्लेखनीय है कि हर साल नवरात्र पर डोंगरगढ़ स्थित मां बम्लेश्वरी के मंदिर में भक्तों की कतार लगती है, लेकिन इस बार संख्या अधिक नजर आ रही है। एक अनुमानित आंकड़े के अनुसार शनिवार को लगभग ढाई लाख लोग डोंगरगढ़ पहुंचे हुए थे। यही कारण था कि डोंगरगढ़ शहर में बनाई गई लगभग पार्किंग भी हाउसफुल रही।

### हर एक किमी पर जाम

तुमड़ीबोड़ से बोदेला, डुंडेरा और मुरमुंदा होते हुए बम्लेश्वरी पहुंचने वाले रास्ते में शनिवार रात यह हालात रहे कि हर एक किमी पर जाम की स्थिति निर्मित होती रही। बम्लेश्वरी जाने वालों के साथ ही दर्शन कर लौट रहे लोगों की संख्या भी बेहद थी। ऐसे में रात करीबन 10 बजे से जो जाम की स्थिति निर्मित होना शुरू हुई, वह सुबह 7 बजे तक बनी रही। लोगों को 20 किमी का सफर पूरा करने में ही डेढ़ से दो घंटे का समय लग रहा था।

### बाकी मंदिरों में भी भीड़

नवरात्र के कारण मां बम्लेश्वरी मंदिर के साथ ही बाकी माता देवालयों में भी काफी भीड़ देखने को मिल रही है। पाताल भैरवी मंदिर में दिन के साथ ही रात को भी बड़ी संख्या में भक्त पहुंच रहे हैं। इसके अलावा करेला भवानी मंदिर में भी दर्शन करने के लिए लोग पहुंच रहे हैं।